वर्ष : 18 अंक: 27 | आगरा | मंगलवार 01 अप्रैल 2025 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.

उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

संक्षिप्त समाचार

उदयपुर : पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास पूजा के समय आग लगने से झुलसीं, अहमदाबाद रेफर

उदयपुर ,एजेंसी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता डॉ गिरिजा व्यास सोमवार सुबह पूजा के दौरान साडी में आग लगने से गंभीर झुलस गई। उन्हें इलाज के लिए अहमदाबाद ले जाया गया है। डॉ गिरिजा व्यास के भाई पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा गोपजी ने बताया कि गिरिजा जी सुबह करीब साढे दस बजे नवरात्रि की पूजा कर रही थी तब अचानक दीपक की लौ से उनकी साडी में आग में आग लग गई। सिल्क की साडी होने से अचानक आग भभक कर उपरी हिस्से तक पहुंच गई जिससे वे गंभीर झुलस गई। उन्हें तत्काल जीबीएच अमेरिकन अस्पताल पहुंचाया तथा प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें दोपहर करीब ढाई बजे परिजन अहमदाबाद ले गए हैं। गोपजी के अनुसार गिरिजा जी की हालत ठीक है और वे सभी से बात भी कर रही है।

धीरेंद्र शास्त्री बोले: एक आंटी ने शादी का प्रस्ताव दिया

छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक न्यूज चैनल पर अपनी शादी की योजनाओं पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वे शादी करेंगे। उन्हें

ऐसा जीवनसाथी चाहिए जो उन्हें और उनके परिवार को समझ सके। शास्त्री ने कहा कि उन्हें वाइफ नहीं, अर्धांगिनी चाहिए। उन्होंने शादी के कुछ प्रपोजल के किस्से भी साझा किए। इस दौरान बताया कि 40-42 साल की एक महिला ने तो अपने पति को तलाक देकर उनसे शादी का प्रस्ताव रखा था।

पूजा-व्रत रखने का हवाला देते हुए शादी की मांग की

एक और चौंकाने वाली घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक महिला भक्त ने तीन साल से पूजा और व्रत रखने का हवाला देते हुए शादी की मांग की। जब उनकी बात नहीं मानी गई तो उसने नस काट ली। महिला ने बारात की तारीख मांगी और डेट न मिलने पर यह कदम उठाया। उन्होंने कहा, हम डर गए, बड़ी मुश्किल से मामला छूटा।

देशभर में मना ईद का जश्न

मोदी ने बधाई दी, वक्फ बिल के विरोध में नमाजियों ने काली पट्टी बांधी

नई दिल्ली,एजेंसी। देशभर में आज ईद-उल-फितर (मीठी ईद) त्योहार मनाया जा रहा है। मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा करने का समय अलग-अलग है। लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह में महिलाएं भी नमाज अदा कर सकेंगी। इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को ईद की बधाई दी है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा- ईद का त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाए। आपके सभी प्रयासों में खुशी और सफलता मिले। ईद मुबारक!

वाराणसी की जामा मस्जिद में एक साथ बड़ी संख्या में नमाजी पहुंच गए। इसके चलते सभी लोगों को मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जगह नहीं मिली। इसके बाद कुछ लोगों ने सीढ़ियों पर ईद की नमाज अदा की।

देश में कई जगह नमाज अदा करने के लिए लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टियां बांधकर पहुंचे। तमिलनाडु के त्रिची में बड़ी संख्या में लोगों ने सड़कों पर नमाज अदा की। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ईद के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पटना के गांधी मैदान पहुंचे। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने दिल्ली की संसद मार्ग स्थित मस्जिद में नमाज अदा की।

उत्तराखंड में कई जगहों के नाम बदले:

हरिद्वार का औरंगजेबपुर अब शिवाजीनगर से जाना जाएगा

देहरादून,एजेंसी। उत्तराखंड में धामी सरकार ने नवरात्रों में बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश के चार जिलों हरिद्वार,देहरादून उधम सिंह नगर और नैनीताल में कई स्थानों के नाम बदले गए हैं। शासन की ओर से इसके आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। जिसके तहत हरिद्वार जिले में 10 गांवों और स्थानों के नामों में परिवर्तन किया गया है।जबकि देहरादून जिले के चार जगहों के नाम बदले गए हैं। नैनीताल जिले के दो स्थानों के नाम में बदलाव किया गया है। उधम सिंह नगर जिले के एक जगह का नाम बदल गया है।

शासन से जारी आदेश

शासन की ओर से जो नाम बदले गए हैं उनमें औरंगजेब, गाजीवाली, मोहम्मदपुर, अकबरपुर, मियांवाला, अब्दुलपुर, खानपुर, नवाबी रोड जैसे कई नाम शामिल थे। इन नाम को परिवर्तित कर सरकार ने प्रदेश और देश के महापुरुषों के नाम पर स्थानों के नाम रखे हैं। जिससे भारतीय संस्कृति और विरासत की परंपरा बनी

रहे।

सीएम बोले-भारतीय संस्कृति के अनुरूप रखे गए नाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न स्थानों के नाम में परिवर्तन जन भावना और भारतीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप किया जा रहा है। जिससे लोग भारतीय संस्कृति और इसके संरक्षण में योगदान देने वाले महापुरुषों से प्रेरणा ले सके। जो नाम बदले गए हैं वह देश के बड़े महापुरुषों के नाम पर हैं।

दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज का उद्घाटन 19 को

कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का भी इनॉगरेशन

श्रीनगर,एजेंसी। कटरा-श्रीनगर रूट पर ट्रेन का ट्रायल 25 जनवरी को किया गया था, जो सफल रहा था। ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे कश्मीर के अंतिम स्टेशन श्रीनगर पहुंची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे। सबसे पहले वे उधमपुर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज (चिनाब ब्रिज) का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे कटरा (माता वैष्णो देवी) पहुंचकर जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल जम्मू रेलवे स्टेशन पर मरम्मत का काम चल रहा है, इस वजह से ट्रेन सेवा अस्थायी रूप से कटरा से शुरू की जा रही है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अगस्त से यह ट्रेन जम्मू से चलना शुरू करेगी। जम्मू से श्रीनगर की दूरी करीब 250 किमी है। 25 जनवरी को कटरा-श्रीनगर रूट का सफल ट्रायल हुआ था। ट्रेन सुबह 8 बजे कटरा से रवाना हुई और 11 बजे श्रीनगर पहुंची। ट्रेन ने 160 किमी का सफर 3 घंटे में पूरा किया था।

'मैं पुतिन से नाराज हूं' ट्रंप ने रूस पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की दी धमकी

वाशिंगटन ,एजेंसी। राष्ट्रपति ट्रंप का कहना है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से नाराज हैं। ट्रंप ने धमकी दी है कि अगर पुतिन यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने पर सहयोग नहीं देते हैं तो वे रूसी तेल पर अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। ट्रंप ने कहा कि जब पुतिन ने जेलेंस्की की विश्वसनीयता पर सवाल उठाना शुरू किया तो मैं बहुत नाराज हुआ, क्योंकि यह सही दिशा में नहीं हो रहा था। एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि रूस यूक्रेन में नया नेतृत्व चाहता है। मगर नए नेतृत्व का मतलब यह है कि आप लंबे समय तक कोई समझौता नहीं कर पाएंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने धमकी दी है कि समझौता नहीं होने पर रूस पर द्वितीयक टैरिफ लगाई जा सकती है। ट्रंप ने कहा कि अगर रूस और मैं यूक्रेन में रक्तपात रोकने के लिए कोई समझौता करने में असमर्थ हैं। अगर मुझे लगता है कि यह रूस की गलती

की वजह से हुआ है तो मैं रूस से आने वाले सभी तेल पर द्वितीयक टैरिफ लगाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि अगर रूस ने सही काम किया तो क्या आप पुतिन से बात करेंगे? ट्रंप ने हां में जवाब दिया। ट्रंप ने बताया कि पुतिन को पता कि मैं नाराज हूं। 25 फीसदी टैरिफ का एलान किसी भी वक्त हो सकता है। मैं इस हफ्ते पुतिन से बात करने की योजना बना रहा हूं।

पुतिन ने गुरुवार को सुझाव दिया कि संयुक्त राष्ट्र की देखरेख में यूक्रेन में एक नया अस्थायी प्रशासन पेश किया जाना चाहिए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने तुरंत रूस के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। रूसी अधिकारी बार-बार जेलेंस्की की वैधता पर सवाल उठाते रहे हैं। रूस का कहना है कि जेलेंस्की का कार्यकाल खत्म हो चुका है। अभी तक कोई चुनाव नहीं कराया गया है।

बता दें कुछ दिन पहले ट्रंप ने वेनेजुएला से तल और गैस खरीदने वाले देशों पर अमेरिकी आयात पर 25 फीसदी टैरिफ का एलान किया था। अब रूस से तेल खरीदने वाले देशों के साथ भी ऐसा ही एक्शन लेने की तैयारी है। अगर ट्रंप ने रूसी तेल पर टैरिफ की घोषणा की तो सबसे अधिक भारत और चीन के हितों को झटका लग सकता है। भारत मौजूदा समय में रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है।

बिहार की जनता विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव का स्थान तय करेगी : ललन सिंह

पटना ,एजेंसी। केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र के बाद तेजस्वी यादव ही हैं। पटना में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान जदयू नेता ललन सिंह ने कहा कि वे सत्यवादी हरिश्चंद्र हैं। वे अपनी पीठ खुद थपथपाते रहे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जो भी कहा, वह सच कहा है। वैसे, उन्हें (तेजस्वी यादव) चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। वह अपना काम करें। बिहार की जनता अगले चुनाव में तय कर देगी कि उनका स्थान कहां है। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में पटना में हुई एनडीए की बैठक पर

उन्होंने कहा कि तय हुआ कि एनडीए मजबूती से चुनाव लड़ेगा। एनडीए के सारे घटक दल पूरी एकजुटता से चुनाव लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार में दो दिन गुजारने के बाद रविवार को वापस लौट गए। उन्होंने गोपालगंज में एक जनसभा को संबोधित किया, जबकि पटना में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने एनडीए के घटक दलों की बैठक में भी शिरकत की थी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के भाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा था कि केंद्रीय मंत्री ने केवल झूठ बोलने का काम किया है। उन्होंने कहा था, जब चुनाव आते हैं तो बड़ी-बड़ी घोषणाएं करते हैं। चुनाव के बाद वह जुमला हो जाता है। अगर इतना पैसा केंद्र सरकार ने दिया, तो बताओ, कहां दिया? किस सेक्टर में दिया है? जब चुनाव आता है तो केवल घोषणा करते हैं, लेकिन 20 साल में उन्होंने क्या काम किया, उसकी गिनती उन्होंने नहीं बताई है।

अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में लगी आग:इटारसी के पास सवा घंटे खड़ी रही ट्रेन

नर्मदापुरम,एजेंसी। मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में इटारसी के पास चलती ट्रेन की बोगी में आग लग गई। ये घटना सोमवार दोपहर करीब 4 बजे इटारसी और बानापुरा के बीच में खुटवासा रेलवे स्टेशन के पास की बताई जा रही है। घटना अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस में हुई है। अहमदाबाद से चलकर बरौनी जाने वाली ये ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा। जिसके बाद ट्रेन को अचानक रोका गया। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद

ट्रेन करीब सवा घंटे तक खड़ी रखी। बाद में आग वाले कोच को अलग कर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। आग बुझाने की कोशिशें जारी है। आग लगने की इस घटना के कारण खंडवा से इटारसी आने वाला रेलवे डाउन ट्रैक पर यातायात बंद हो गया। जिसे शाम 6 बजे शुरू कर दिया गया है।

जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी

ट्रेन के सबसे आखिरी में जनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगी। यह बोगी स्टील के बर्तन के कार्टूनों से भरी थी। इस कारण आग के साथ काफी धुआं उठने लगा। जिसके बाद जनरेटर कोच में काम करने वाले कर्मचारी भी तुरंत बाहर निकले। सूचना के बाद दमकल को बुलाया गया। डोलरिया थाना पुलिस और आरपीएफ इटारसी से बल मौके पर पहुंचा।

यात्रियों में मचा हड़कंप, ट्रेन से नीचे उतरे

ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के रुकते ही यात्री नीचे उतर गए। ट्रेन में सवार राज नाम के यात्री के मुताबिक आग लगने की ये घटना दोपहर 4 बजकर 10 मिनट की है।

गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव : राज्यपाल श्री पटेल

राज्यपाल, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल 'सदाकाल गुजरात' कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल,ब्यूरो। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति में समरसता का अद्भुत भाव है। गुजरातियों में मेलजोल और आपसी भाईचारे का व्यवहार होता है। राज्यपाल श्री पटेल रवीन्द्र भवन में अखिल भारतीय गुजराती समाज के कार्यक्रम 'सदाकाल गुजरात' को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल और गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि ÷जहां बसे गुजराती, वहां बसे सदाकाल गुजरात÷ कहावत को गुजरातियों ने हमेशा चरितार्थ किया है। मध्यप्रदेश की संस्कृति में भी गुजराती समाज रच, बस गया है। गुजराती समाज का मध्यप्रदेश के विकास में विशेष योगदान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत को बनाने में मध्यप्रदेश की जनता के साथ गुजराती समाज लगातार सहयोग और सहभागिता कर रहा

है। राज्यपाल श्री पटेल ने केंद्र और राज्य सरकार के सामाजिक सहभागिता पर आधारित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अखिल भारतीय गुजराती समाज संस्था के सहयोग और सक्रियता की सराहना की।

गुजरात देश का ग्रोथ इंजन : मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल

गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल ने गुजराती में कहा कि गुजराती संस्कृति गर्व का प्रतीक है। आजादी के आन्दोलन में देश को गुजरात ने ही महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के रूप में मजबूत नेतृत्व दिया है। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने गुजरात राज्य की भौगोलिक चुनौतियों को अवसरों में बदल कर गुजरात को देश का ग्रोथ इंजन बनाने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी की कार्यकुशलता, नेतृत्व, दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश के गुजराती समाज को प्रदेश के विकास में हमेशा योगदान देने और ÷एक भारत-श्रेष्ठ भारत÷ निर्माण में बढ़-चढकर भाग लेने का आव्हान किया।

गुजरात पर ईश्वर की विशेष कृपा : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि गुजरात राज्य पर ईश्वर की विशेष कृपा और आशीर्वाद है। आजादी से लेकर देश के विकास और अर्थव्यवस्था में आज गुजरात का अहम योगदान है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत अब आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

गुजरात-मध्यप्रदेश की रीति-नीति-संस्कृति एक जैसी- गृह राज्य मंत्री श्री संघवी

गुजरात राज्य के गृह राज्य मंत्री श्री हर्ष संघवी ने गुजराती में कहा कि गुजरात और मध्यप्रदेश का इतिहास, भूगोल और संस्कृति एक समान है। दोनों राज्य के लोगों का व्यवहार, रीति-नीति और संस्कृति एक जैसी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में रहने वाला प्रत्येक गुजराती, गुजरात की संस्कृति का ब्रांड एम्बेसडर है। श्री संघवी ने कहा कि वर्तमान और भावी पीढ़ी को गुजरात दर्शन जरूर कराए।

कोरोना काल में गुजराती समाज ने की मानवता की सराहनीय सेवा : सांसद श्री शर्मा

खजुराहो सांसद श्री वी. डी. शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में प्रदेश के गुजराती समाज ने पीड़ित मानवता की सराहनीय सेवा की है। अनेक अवसरों पर भी गुजराती समाज द्वारा मानव सेवा के उत्कृष्ट और अनुकरणीय उदाहरण मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में गुजराती समाज की सक्रिय भागीदारी कर रहा है।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने दीप प्रज्वलन कर, कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उनका गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र भाई पटेल और अखिल भारतीय गुजराती समाज के अध्यक्ष श्री संजय पटेल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में गुजरात के विकास पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कैल्शियम और आपका दिल, क्या है रिश्ता, जाने यहाँ

मुंबई के 55 साल के राजेश के सीने में दर्द की शिकायत हुई पहले उन्हें लगा कि उनके पेट में गैस हुआ है, दवाई ली, लेकिन आराम नहीं. इसके बाद उन्होंनेडॉक्टर की सलाह ली, डॉक्टर ने अस्पताल जाने की सलाह दी, क्योंकि उन्हें दिल का दौरा पड़ा था. जांच से पता चला कि उनके हार्ट की धमनियों में खून का बहाव सही तरह से नहीं हो पा रहा है और उनके हार्ट में कई ब्लॉकेज है, गहन जांच के बाद जानकारी मिली कि उनके दिल की धमनियों में कैल्शियम की डिपोजिट हुआ है. उनका एंजियोप्लास्टी किया गया, जिसका खर्चा 3 लाख रुपये से कुछ अधिक था, हालांकि कंपनी से उनके नाम का इंश्योरेंस था,इसलिए उन्हें पैसे की कोई समस्या नहीं हुई. इसके बाद से उन्हें कोई शिकायत नहीं है, केवल कुछ दवाइयों के सेवन के साथ वे एक अच्छी जिंदगी पिछले 5 साल से गुजार रहे है. इसके अलावा कुछ लोग आजकल व्हाट्सएप और टीवी पर आये विज्ञापनों से भी प्रभावित होकर डॉक्टर की बिना सलाह लिए दवाइयां लेने लगते है, उन्हें लगता है कि विटामिन की कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं होती, जबकि विटामिन्स भी जरुरत के आधार पर ही लिया जाना चाहिए.चालीस साल की उमा भी टीवी पर एक प्रोग्राम देखने के बाद कैल्शियम सप्लीमेंट्स लेना शुरू कर दिया था, लेकिन उन्होंने उसे लेना बंद कर दिया, क्योंकि उनकी दोस्त ने उन्हें एक व्हाट्सअप मेसेज भेजा कि कैल्शियम सप्लीमेंट्स लेने से दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है. इस डर को दूर करते हुए डॉक्टर ने सुझाव दिया कि कैल्शियम सप्लीमेंट लेने से रक्त में कैल्शियम की मात्रा का सीधा संबंध हृदय रोग से है

या नहीं, इस बात का अभी तक शोध नहीं हो पाया है, लेकिन किसी भी दवाई को जरुरत के अनुसार ही लेने से स्वास्थ्य ठीक रहता है और इसके लिए जांच जरुरी है.

क्या कहती है कि रिसर्च

इस बारें में मुंबई की कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिल की कंसलटेंट, कार्डियोलॉजी, डॉ प्रवीण कहाले कहते है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने के लिए एक दिन में 400 से 500 मिलीग्राम कैल्शियम लेने की सिफारिश की है, जबकि अन्य गाइडलाइन्स में 50 और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए हर दिन 700-1200 मिलीग्राम कैल्शियम के पर्याप्त सेवन की सलाह दी गयी है. महिला को मैंने सलाह दी थी कि डॉक्टर द्वारा निर्धारित कैल्शियम सप्लीमेंट लेना हमेशा बेहतर होता है.

इसके अलावा कुछ एहतियात ऐसे व्यक्ति को लेने की जरुरत होती है. रोज़ के आहार से कैल्शियम पाने की कोशिश करनी चाहिए, मसलन व्यायाम करना, विटामिन के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां खाना, धूप में टहलना, ताकि पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी मिल सकें और हड्डियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए सप्लीमेंट्स लेन आदि है.

अतिरिक्त कैल्शियम का क्या है, स्वास्थ्य पर असर ?

इसके आगे डॉक्टर कहते है कि कैल्शियम एक आवश्यक मिनरल है, जो स्वस्थ हड्डियों और दांतों के निर्माण और रख-रखाव, मांसपेशियों के कार्य और नर्व ट्रांसमिशन सहित कई शारीरिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, लेकिन यही कैल्शियम अगर बहुत ज़्यादा हो जाएं, तो हृदय सहित हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है. रक्तप्रवाह में कैल्शियम बहुत ज़्यादा हो जाने से वह धमनियों में जमा हो सकता है और उसके टुकड़े बन सकते हैं, जिससे धमनियां तंग और कठिन बन सकती हैं, इससे धमनियों से रक्त के बहने में बाधाएं पैदा हो सकती हैं, और हृदय में रक्त का प्रवाह कम हो सकता है. हृदय

रोग और अन्य हृदय संबंधी समस्याओं की जोखिम बढ़ सकती है और गंभीर मामलों में सीने में दर्द, सांस की तकलीफ और यहां तक कि दिल का दौरा भी पड़ सकता है.

क्या है कैल्शियम डिपाजिट

हृदय में कैल्शियम जमा होना वृद्ध वयस्कों में, खास कर 60 वर्ष से ज़्यादा आयु के लोगों में अधिक होता है. परिवार में पहले किसी को हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह है या धूम्रपान की आदत है, तो हृदय में कैल्शियम जमा होने से होने वाला खतरा और भी ज़्यादा बढ़ जाता है. हृदय में

दही चेहरे से दाग-धब्बे, झुर्रियां करे दूर

सुबह आंख खुलते ही और रात को सोने से पहले हमारी नजर अपनी त्वचा पर ही जाती है। फिर भी हम त्वचा को सबसे ज्यादा नजरअंदाज करते हैं। हमें इसकी देखभाल की भी ज्यादा जरूरत होती है। हमारी त्वचा का प्रभावी गुण है। आखिर खूबसूरती है क्या! कुदरत की देन या आंखों की कल्पना शायद दोनों का अपना नजरिया है, पर यह नजरिया तब और निखर जाएगा जब आप थोडी सूझबूझ से इसकी देखभाल करेंगी। तो गोरी निखरी त्वचा आसानी से मिल सकती है।

- यदि आपकी त्वचा रूखी है तो आप आधा कप दही में एक छोटा चम्मच जैतून का तेल तथा एक छोटा चम्मच नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाकर गुनगुने पानी से चेहरा धोने से त्वचा का रूखापन खत्म हो जाता है।
- त्वचा को तरोताजा बनाने के लिए आप नींबू का रस दही में मिलाकर चेहरे पर लगाएं और फिर कुछ दिनों में ही आप चेहरे पर बदलाव पाएंगे।
- चेहरे के साथ-साथ दही के इस्तेमाल से नाखून और बालों को भी लाभ पहुंचता है। यदि सप्ताह में दो बार दही बालों में लगाया जाए तो रूखे-बेजान बालों की चमक वापिस आ जाती है।
- मुंहासे की समस्या को दूर करने के लिए चेहरे पर खट्टे दही का लेप लगाए और सोखने पर धो लें। कुछ दिन तक लगातार ऐसा ही करें, निश्चय ही मुंहासे दूर करने में लाभ होगा।
- दही ऐसा प्राकृतिक सौंदर्य साधन है जो न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है बल्कि हमारे सौंदर्य के लिए भी फायदेमंद है।
- दमकती त्वचा पाने और चेहरे से दाग-धब्बे, झुर्रियां इत्यादि दूर करने के लिए आप दही के साथ चोकोर या बेसन मिलाकर चेहरे पर लगा सकते है।

दही में गाजर, ककडी, पपीता आदि मौसमी फलों का रस मिलाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा में निखार आएगा। इतना ही नहीं आप कुछ मौसमी सब्जियों के रस में दही को मिलाकर लगाएंगे तो भी लाभ मिलेगा।

स्टेप बाई स्टेप ऐसे करें अपने बच्चे की मालिश

बच्चे के पैदा होते ही उनकी मालिश की जाती है ताकि उनकी हड्डियां व मांसपेशियां मजबूत रहें। मालिश बच्चे के शरीर को एक सही आकार लेने में मदद करती है। मालिश अपने प्यार व स्नेह को व्यक्त करने का एक अच्छा तरीका है। मां द्वारा की गई मालिश माँ और बच्चे के बीच एक गहरा रिश्ता कायम करने में मदद करती है। इसके अलावा, मालिश आपके बच्चे के वजन को बढाने में, रक्त परिसंचरण को व बच्चे के पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करती है। मालिश के बाद आपका बच्चा चैन की नींद सो पाता है। मालिश केवल बच्चे की ही नहीं बल्कि आपकी भी थकन को दूर कर देगी। मालिश आपके बच्चे को मानसिक व शारीरिक रुप से विकसित होने में मदद करती है। एक अध्ययन के अनुसार मालिश नवजात शिशुओं को पीलिया से लड़ने में मदद करती है। मालिश से बच्चों में चिड़चिड़ापन कम होता है।

मालिश करने के लिए एक सही समय निर्धारित करें। दूध पिलाने के बाद बच्चे की मालिश ना करें क्योंकि उसे उल्टी हो सकती है। नींद के दौरान की गई मालिश का आनंद बच्चे ले नहीं पाते हैं। अगर मालिश के दौरान आपका बच्चा रोने लगे तो समझ लें कि वह मालिश से थक गया है। वहीं उसकी मुस्कान उसके आनंद का प्रतीक होगी। आगे इस लेख में बच्चों के अलग-अलग अंगों की मालिश के तरीके दिए गए हैं।

बच्चे को आपके करीब लाती है: मालिश को हमेशा हलके हाथों से करें ताकि आपका बच्चा उसका पूरा मज़ा ले सके। मालिश के लिए फर्श पर एक तौलिया बिछाएं तथा किसी वनस्पति तेल से बच्चे के शरीर की मालिश करें। अगर मालिश के दौरान आपका बच्चा रोने लगे तो उसे गले से लगाकर चुप कराएं। कभी भी बच्चे की मालिश दूध पीने के बाद व सोते वक्त ना करें। यह 6 महीने से कम उम्र वाले बच्चों की हड्डियों व मांसपेशियों को मजबूत बनाने का एक अच्छा तरीका है।

टांगें: बच्चे की थकान को दूर करने के लिए मालिश की शुरुआत पैरों से करें। इसके लिए अपने हाथों पर तेल को मलें तथा जांघों को मलते हुए नीचे पैरों तक आएं। एक पैर की मालिश के बाद दूसरे पैर की मालिश भी इसी तरह करें।

पैर: पैरों की मालिश को आरंभ करने से पहले बच्चे के पैरों को दोनों दिशाओं में घुमाएं। फिर मालिश को टखने से शुरु करते हुए ऊपर उंगलियों तक लेकर जाएं। इस प्रक्रिया को दोनों पैरों पर दौहराएं।

एड़ी: अपने अंगूठे से बच्चे की छोटी-छोटी एड़ियों की मालिश करें। मालिश के दौरान आपका अंगूठा चक्राकार में घुमना चाहिए।

पैरों की उंगलियां: बच्चे की पैरों की उंगलियों को अपने हाथों की उंगलियों के बीच में लेकर हल्के से ऊपर की ओर खींचे। इस तरह हर एक उंगली की मालिश करें।

भुजाएं: भुजाओं की मालिश भी टांगों की तरह की करें। हाथों पर तेल लगाकर भुजाओं को मलते हुए नीचे कलाई तक आएं। फिर उसकी कलाई को धीरे से दोनों दिशाओं में घुमाएं।

हाथ: बच्चे के हाथ को अपने हाथों में लें व हलके हाथों से उसकी हथेली की मालिश करें। इस प्रक्रिया को दूसरे हाथ पर भी दौहराएं।

हाथ की उंगलियां: हाथ की उंगलियों को अपने हाथों की उंगलियों के बीच में लेकर हल्के से ऊपर की ओर खींचे। इस मालिश की शुरुआत हाथ की कानी उंगली से आरंभ करके अगूंठे पर खत्म करें। दूसरे हाथ की उंगलियों की मालिश भी इसी तरह करें।

ईमानदारी से जकात अदा करे मुसलमान, शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं बनेगी मजबूतः शेरवानी

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । मुसलमान को जान माल का नुकसान सही तरीके से जकात अदा न करने की वजह से होता है, अगर मुसलमान ईमानदारी के साथ सही हाथों में जकात अदा करें तो 5 साल में देश से गरीबी खत्म हो जाएगी। शिक्षा और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं भी मजबूत बनेंगी। मुसलमान जकात के पैसे कॉलेज डिग्री कॉलेज मेडिकल कॉलेज हॉस्टल हॉस्पिटल जैसी सुविधाएं देश के हर जिले में तैयार कर सकता है।

उक्त विचार वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तथा फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद प्रत्याशी एडवोकेट नवाब गुल चमन शेरवानी ने वंचित समाज इंसाफ पार्टी के जिला अध्यक्ष तथा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी शराफत अली के निवास अजम पाड़ा शाहगंज पर रोजा इफ्तार की दावत में रखें

श्री शेरवानी ने कहा कि जकात हर सईवे निशब पर फर्ज है अपने माल की जकात निकालने के बाद बची हुई रकम सोने की तरह हो जाती है जिसमें कभी जंग नहीं लगती और ना ही कोई बेईमानी कर सकता है, जकात अदा

करने से जानमाल का नुकसान भी टाल जाता है इसलिए हर मोमिन को ईमानदारी के साथ जकात अदा करनी चाहिए

श्री शेरवानी ने कहा कि भारत में 23 करोड़ मुस्लिम है जिनमें कम से कम एक करोड़ मुस्लिम ऐसे हैं जो की एक लाख कम से कम जकात निकलते हैं कुल मिलाकर मुसलमान ईद पर 20000 करोड रुपए की जकात निकलता है। लेकिन अफसोस के फिर भी चार बेटियों के बाप को अपनी बेटी का निकाह करने के लिए मस्जिद में जाकर लोगों के सामने हाथ फैलाने पड़ते हैं सोचने वाली बात यह है कि आज भी हर दसवां मुसलमान गरीबों की जिंदगी जी रहा है ऐसे में सवाल पैदा होता है कि या तो मुसलमान ईमानदारी से जकात अदा नहीं कर रहा है या फिर सही जगह पर जकात नहीं पहुंच पा रही है जकात पहले अपने करीब के लोगों को देनी चाहिए उसके बाद रिश्तेदारी या जान पहचान में देनी चाहिए अगर आपका रिश्तेदार परेशान है और आप दूर किसी को जकात अदा कर रहे हैं तो यह गलत है पहले आपका भाई बहन रिश्तेदार और पड़ोसी जकात के हकदार हैं

रोजा इफ्तार में सैयद रज्जब अली वाजिद अब्बास राशिद अब्बास मुल्लाजी शरीफ अल्वी आरिफ अहमद शराफत अली सलमान मलिक सैयद शेर बहादुर शाह गुल बहार ठेकेदार जावेद अली शाकिर अली सुहेल मंसूरी ताजुद्दीन सैफी नदीम नूर मोहम्मद शरीफ उस्मानी भाई हाजी अकबर अली डॉ जहांगीर अल्वी अब्दुल कादिर अल्वी मोबिन शाह पप्पू उस्मानी बासित अली फतू पहलवान रईस आमिर उस्मानी माइकल अब्बास रहीसुद्दीन कुरैशी अछनेरा वाले राजेश गौतम सोनू अग्रवाल एडवोकेट नवीन पोरवाल रवि कुमार अंबेडकर आसिफ उस्मानी आरिफ उस्मानी सोहेल उस्मानी गुल वतन शेरवानी फुरकान सलमानी आदि उपस्थित थे मौलाना राजा रामपुरी ने रोजा इफ्तार के बाद नमाज अदा कराई शराफत अली ने रोजा इफ्तार में आए सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया।

आगरा के 14 जजों के ट्रांसफर- हाईकोर्ट ने जारी की लिस्ट, देखिए कौन जज कहां गया, यहां पर किस जज को मिली तैनाती

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । आगरा के 14 जजों के तबादले हो गए हैं। हाईकोर्ट की ओर से जजों के ट्रांसफर की सूची जारी की गई है। प्रदेश के सभी जिलों में जजों के ट्रांसफर किए गए हैं।

इनके हुए ट्रांसफर

* सौरभ शुक्ला आगरा से वाराणसी

* सौम्या शुक्ला आगरा से वाराणसी

सतेंद्र कुमार मौर्य आगरा एत्मादपुर से बलिया * सौरभ आनंद बाह आगरा से प्रयागराज

* विवेक प्रजापति फतेहाबाद आगरा से सुल्तानपुर * दीपांकर यादव आगरा से लखीमपुर खीरी

* मौर्यश श्रीवास्तव आगरा से सुल्तानपुर

* भव्या श्रीवास्तव आगरा से सुल्तानपुर

नवीन कुमार आगरा से ललितपुर

* परवेज अख्तार को आगरा से प्रयागराज

* प्रदीप कुमार मिश्रा को आगरा

101	UP2444	Sunil Kumar Kanoji	Firozabad-Kasganj	N/A	Jasrana
102	UP2580	Arun Kumar Gupta	Kanpur Nagar	N/A	Chaubaddi
103	UP2438	Ashish Kumar Singh	Kanpur Nagar	N/A	Sarbhadra
104	UP2530	Prabhat Singh	Kanpur Nagar	N/A	Kodiyaganj at Padrauna
105	UP2576	Rahul Anand-II	Kanpur Nagar	N/A	Bahrampur
106	UP2518	Saadat-Ul-Siddiqui-II	Kanpur Nagar	N/A	Jaunpur
107	UP2134	Sushil Kumar Singh	Kanpur Nagar	N/A	Jaunpur
108	UP2470	Smt. Akriti Gautam	Kanpur Nagar	N/A	Pratapgarh
109	UP2046	Smt. Nahid Sultana	Kasganj	Mohammad Arif-I (3846)	Meerut
110	UP2205	Anas Suhail	Kaushambi	Smt. Farha Naaz Parvaan (3657)	Bareilly
111	UP1942	Smt. Karuna Singh	Kanshi Nagar At Padrauna	N/A	Sitapur
112	UP2542	Aditya Jaiswal	Lakhimpur Kheri	N/A	Hapur
113	UP2930	Smt. Kamika-Awadh	Lakhimpur Kheri	N/A	Kanpur Nagar
114	UP2145	Naresh Kumar Diwakar	Mahoba-Lalitpur	N/A	Firozabad
115	UP2231	Anand Mishra	Lucknow	N/A	Bhadohi at Gyanpur
116	UP1986	Sunil Kumar-VI	Lucknow	N/A	Ayodhya
117	UP2342	Swatantra Singh Rawat	Lucknow	N/A	Kanpur Nagar
118	UP2247	Arif Nisamuddin Khan	Lucknow	Smt. Tabassum Khan (2194)	Pratapgarh
119	UP2490	Sushri Kiran Palmer	Lucknow	N/A	Bhadohi at Gyanpur
120	UP2121	Anjar Ali-I	Maharajganj	N/A	Hapur
121	UP2335	Pushpendra Chaudhary	Mahoba	N/A	Budaun
122	UP[illegible]	Shivarth Khare	Mahoba	N/A	Etawah
123	UP2370	Smt. Namrata Singh-I	Mainpuri	N/A	Meerut
124	UP2609	Smt. Kamal Shukla	Mathura	Neshant (3535)	Hardoiubahar
125	UP2301	Sushri Anupam Singh-II	Mathura	N/A	Hardoiubahar
126	UP2134	Sushri Sonika Verma	Mathura	N/A	Meerut
127	UP2087	Aman Kumar Srivastava	Meerut	N/A	Deoria
128	UP2453	Sakshara Dwivedi	Meerut	Smt. Prachi Agrawal (2436)	Barabanki
129	UP2093	Shailesh Pandey	Meerut	N/A	Ballia
130	UP2436	Smt. Prachi Agrawal	Meerut	Sakshara Dwivedi (2453)	Barabanki

Page 4 of 9

से बांदा

* रवि कांत तृतीय को आगरा से मुज्जफरनगर ऋ यशपाल लोधी को आगरा से मेरठ

* दिनेश तिवारी को आगरा से बदायूं

ये जज आगरा आए

* महेश चंद को बलिया से आगरा

* विवेक कुमार प्रथम को बुलंद शहर से आगरा * शिव कुमार को जालौन से आगरा

* विकास गोयल को कानपुर नगर से आगरा ऋ लोकेश कुमार को ललितपुर से आगरा

पुष्कर उपाध्याय को लखनऊ से आगरा

प्रवन श्रीवास्तव महाराज से आगरा

लाल बहादुर हरदोई से आगरा

दिव्या चौधरी झांसी से आगरा

कन्हैया जी झांसी से आगरा

ऋ मानस वत्स प्रयागराज से आगरा

कृष्णमोहन पांडे संभल से आगरा

* अक्षिता मिश्रा संभल चंदौसी से आगरा

* शिवम वशिष्ठ सुल्तानपुर से आगरा

दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलाया विशेष चेकिंग अभियान

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा तथा अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा के कुशल मार्गदर्शन में, और पुलिस उपायुक्त यातायात, कमिश्नरेट आगरा के नेतृत्व में, दिनांक 30.03.2025 को आगरा महानगर में सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान विशेष रूप से आगरा शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने एवं नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया। 30.03.2025 को आगरा महानगर के प्रमुख मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को व्हाइट स्पाट में परिवर्तित करने के उद्देश्य से संबंधित विभागों के साथ मिलकर एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को प्रोत्साहित करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है इसके तहत, सड़क पर अनुशासन बनाए रखने और ब्लैक स्पाट को व्हाइट स्पाट में बदलने के लिए कड़ी कार्यवाही की गई है। चालकों को सुरक्षित यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए इस अभियान में ठोस कदम उठाए गए हैं, ताकि सड़क सुरक्षा में सुधार हो सके। श्रीमान पुलिस उपायुक्त यातायात महोदय के आदेश अनुसार ब्लैक स्पॉट प्वाइंटों का भ्रमण करने और

उन पर रिपोर्ट तैयार करने का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को कम करना है। यह रिपोर्ट उन सभी विभागों को प्रेषित की जा रही है जो सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए जिम्मेदार हैं।

जिन विभागों में शामिल हैं

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)= जो केंद्र सरकार के अधीन आते हैं। इन राजमार्गों का निर्माण और रखरखाव केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी)= जो राज्य सरकार के अधीन आता है।

यह विभाग राज्य के भीतर सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। नगर निगम= जो शहरी क्षेत्रों के विकास और प्रशासन के लिए जिम्मेदार है। नगर निगम स्थानीय स्तर पर सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है।

राज्य राजमार्ग= जो राज्य सरकार के अधीन आते हैं। ये राजमार्ग राज्य के भीतर स्थित होते हैं और राज्य सरकार द्वारा निर्मित और रखरखाव किया जाता है।

इन विभागों के साथ समन्वय करके, हम ब्लैक स्पाट को चिन्हित करने ओर उन्हें सुधारने के लिए काम कर रहे हैं ताकि सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाई जा सके। हमारा उद्देश्य यातायात को सुरक्षित बनाना है, जिससे न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

सेवानिवृत्त हुए आठ पुलिसकर्मियों को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । पुलिस कमिश्नरेट आगरा से सेवानिवृत्त हो रहे पांच उपनिरीक्षक, दो मुख्य आरक्षी, एक लीडिंग फायरमैन, के सम्मान में पुलिस लाइन्स आगरा में आयोजित किया गया एक भव्य और यादगार विदाई कार्यक्रम, जिसमें उन्हें शाल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और आगामी जीवन की शुभकामनाएं देकर दी गयी सम्मानजनक विदाई। सोमवार 31.03.2025 को पुलिस विभाग में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे 03 उपनिरीक्षक ना0पु0, 02 रेडियो उपनिरीक्षक, 01 मुख्य आरक्षी चालक न0पु0, 01 मुख्य आरक्षी स0पु0, 01 लीडिंग फायरमैन, (कुल 08 पुलिसकर्मियों) के सम्मान में सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय,अमीषा सिंह प्रतिसार निरीक्षक प्रथम एवं प्रतिसार

निरीक्षक द्वितीय कमिश्नरेट आगरा द्वारा एक गरिमामयी विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग में उनके योगदान, समर्पण एवं निष्ठा को सम्मानपूर्वक स्मरण किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय अमीषा ने शाल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह, उपहार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा इस अवसर पर पुलिस सेवा में उनकी वर्षों की तपस्या, अनुशासन, परिश्रम और कर्तव्यपरायणता की सराहना की गई। सहायक पुलिस आयुक्त कार्यालय सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने अपने अद्वितीय समर्पण, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से पुलिस सेवा को गौरवान्वित किया है। आपकी सेवाएं न केवल विभाग के लिए अमूल्य रही हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणासत्रोत बनी रहेंगी । उन्होंने सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के स्वस्थ, सुखद और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए आश्वस्त किया कि पुलिस विभाग सदैव आपके योगदान को सम्मानपूर्वक स्मरण करेगा।

समर्पण की पहचान, सेवा का सम्मान आप हमारे गौरव हैं।

ये पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण हुए सेवानिवृत्त हरीराम, उपनिरीक्षक कमिश्नरेट आगरा सुनील कुमार, उपनिरीक्षक कमिश्नरेट आगरा श्रीमती रोशन आरा बेगम, उपनिरीक्षक, कमिश्नरेट आगरा वेद प्रकाश गौतम, रेडियो उपनिरीक्षक कमिश्नरेट आगरा यादवेन्द्र सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक, कमिश्नरेट आगरा करतार सिंह, मुख्य आरक्षी चालक, कमिश्नरेट आगरा । अमर सिंह मुख्य, आरक्षी स0पु0, कमिश्नरेट आगरा 7 राकेश सिंह, लीडिंग फायरमेन, कमिश्नरेट आगरा

मोटरसाइकिल चोरी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार दो बाइक बरामद

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । थाना बमरौली कटारा पुलिस टीम व सर्विलान्स सैल टीम पूर्वी जोन द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए मोटर साइकिल चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद मोटरसाइकिल (चोरी की) बरामद 30.03.2025 को थाना बमरौली कटारा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त/चैंकिग की जा रही थी, दौराने चैंकिंग मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02

अभियुक्तों गोबिंद तोमर और कुलदीप को पवावली की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अदद मोटरसाइकिल चोरी की बरामद हुई। आरोपियों विरुद्ध थाना बमरौली कटारा पर मुकदमा संख्या 36/25 धारा 35/106 बीएनएसएस व धारा 317(2)/317(5)/318(4) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया हघ।

नंबर प्लेट बदलकर राह चरते लोगों को बेचते थे

पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा अपना नाम गोविन्द तोमर कुलदीप बताया गया। पुलिस टीम द्वारा बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि बरामद मोटरसाइकिल में से 01 मोटरसाइकिल को अभियुक्तगण द्वारा लगभग एक माह पूर्व थाना एत्माद्दौला के ट्रांसयमुना क्षेत्र के हॉस्पीटल से व दूसरी मोटरसाइकिल को सदर तहसील परिसर से चोरी किया था । उक्त अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि अभियुक्तगण चोरी की हुई मोटरसाइकिल को उनकी नं0 प्लेट बदलकर राह चलते लोगों को कम दामों में बेच देते है। और उससे जो पैसा मिलता हम लोग आपस में बांट लेते है। पकड़े गए अभियुक्त गोविन्द तोमर पुत्र सिंधी निवासी ग्राम इनायतपुर थाना इरादतनगर जनपद आगरा। व कुलदीप पुत्र पोहप सिंह निवासी गढ़ी सीसाराम थाना इरादतनगर जनपद आगरा बताया है।

ऑटो चालक की हत्या करने वाला ऑटो चालक गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । ऑटो चालक की हत्या करने वाला अभियुक्त मात्र 10 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर हुए विवाद में ऑटो चालक के साथ मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने की घटना में संलिप्त अभियुक्त को थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार। 30.03.2025 को एक युवक द्वारा धाना शाहगंज पर तहरीर दी गयी कि पीड़ित का भाई छोटू शाहगंज का रहने वाला था और आटो चलाता था। दिनांक 30.03.2025 को उसके भाई का ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर राजकुमार के साथ विवाद हो गया, राजकुमार ने उसके भाई के साथ मारपीट करते हुए पीड़ित के भाई का गला दबा दिया जिससे उसका भाई छोटू बेहोश हो गया और राजकुमार वहां से भाग गया जब पीड़ित अपने भाई को डाक्टर के पास लेकर गया तब डाक्टर ने उसके भाई को मृतक घोषित कर दिया राजकुमार द्वारा पीड़ित के भाई की हत्या की गयी पीड़ित कि प्राप्त तहरीर के आधार पर को थाना शाहगंज पर मुकदमा संख्या 132/2025 धारा 103(1) बी.एन.एस. मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त हत्या की घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना शाहगंज पर पुलिस टीम का गठन किया गया, दिनांक 31.03.2025 को थाना शाहगंज पर गठित पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर आटो चालक की हत्या करने वाले अभियुक्त राजकुमार पुत्र पप्पू माहौर निवासी भैरोवाली गली जोगीपाडा थाना शाहगंज आगरा को पथौली की तरफ फतेहपुर सीकरी रोड़ से गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आटो बरामद हुआ। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक शाहगंज कुशलपाल सिंह, उप निरीक्षक विमलेश सिंह,प्रशिक्षु उप निरीक्षक विवेक मौर्या,और कास्टेबल कपिल शर्मा, शामिल थे।

खेत पर टहलने गए बुजुर्ग पर सांड का हमला- सींग से उठाकर जमीन पर पटका, इलाज को ले जाते समय दम तोड़ा

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । थाना बरहन क्षेत्र में सांड़ ने एक वृद्ध पर हमला कर दिया। सांड़ ने वृद्ध को उठाकर पटक दिया। इससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन बुजुर्ग को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक 80 वर्षीय मूलचंद निवासी गोहिला बरहन प्रतिदिन की तरह सोमवार सुबह गांव के समीप खेत पर स्थित बंबा किनारे टहलने जा रहे थे तभी पीछे से आए आवारा सांड ने अचानक हमला बोल दिया। उन्हें सींग से उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए । रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने जैसे तैसे उन्हें बचाया। इसके बाद उनके परिजनों को सूचना दी। सांड़ के हमले से बुजुर्ग गंभीर घायल हो गए। परिजन तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले गए। डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मूलचंद के नाती जितेंद्र कुमार ने बताया कि बाबा हर दिन सुबह खेत पर टहलने जाते थे। सोमवार को भी गए थे। सांड़ ने उन्हें उठने तक नहीं दिया। वो चीखते रहे। जब तक आसपास के लोग पहुंचे वो बेहोश हो चुके थे।

नगर शिक्षा अधिकारी पेरेंट बनकर पहुंचे- दुकान से खरीदा किताबों का सेट, कीमत सुनकर हुए हैरान

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । किताबों के सेट को मुंहमांगी कीमतों पर बेचने की शिकायत पर नगर शिक्षा अधिकारी खुद एक दुकान पर पहुंचे। पेरेंट बनकर एक स्कूल की किताबें खरीदीं। पूछा कि जीएसटी वाला बिल क?यों नहीं देते हो। स्कूल संचालकों से बात की। इसके बाद निर्देश दिए कि किताबों की महंगी कीमतों को कम किया जाए। पिछले कुछ दिनों से शहर में किताबों की दुकानों पर चल रही मनमानी के विरोध में कुछ संस्थाएं विरोध कर रही हैं। विरोध के बाद सीडीओ प्रतिभा सिंह ने संज्ञान लेते हुए निर्देश जारी किए थे। इसके बाद बांके बिहारी संस्था के मदन मोहन शर्मा सोमवार को संजय प्लेस के माहेश्वरी बुक स्टोर पर किताबें लेने पहुंचे। सेंट जोर्जेज यूनिट टू सेकेंड क्लास की 5500 रुपये की किताबें ली। दुकान संचालक ने पांच रुपये का डिस्काउं दिया। मदन मोहन शर्मा ने नगर शिक्षा अधिकारी सुमित कुमार को फोन कर जानकारी दी। सुमित कुमार खुद दुकान पर पेरेंट बनकर पहुंचे। दुकान पर किताबें खरीदीं। बिल कटवाया। पूछा कि जीएसटी वाला बिल क?यों नहीं दे रहे हैं। इस पर कोई जवाब नहीं मिला। सेंट जॉर्जेज स्कूल के प्रिंसिपल को फोन किया, लेकिन संपर्क नहीं हुआ। इसके बाद पेरेंट बनकर एक स्कूल में बात की। कहा कि आपके स्कूल की किताबें कहीं नहीं मिल रही हैं। इस पर जवाब दिया गया कि दुकान का नाम बता दिया गया था। उसके बाद अपना परिचय दिया और बताया कि आप कैसे एक दुकान से किताबें खरीदने को कह रहे हैं। यह भी कहा कि प्रिंट रेट पर ही किताबें मिल रही हैं।

किराने की दुकानों में हुई चोरी का खुलासा, चार अभियुक्त गिरफ्तार, एक लाख का चोरी का सामान बरामद

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । किराने की दुकानों में नबकजनी कर चोरी करने की घटनाओं में संलिप्त चार अभियुक्तों को थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये मसालों के पेकेट व लगभग एक लाख रूपये कीमत के अखरोट, बादाम, काजू, सहित अन्य मेवे हुए बरामद। 01 दिनांक 14.01.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना सदर बाजार पर तहरीर दी गयी कि बुन्दूकटरा, ग्वालियर रोड स्थित पीड़ित की परचून की दुकान में 13 14.01.2025 को दीवार तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा दुकान से मेवे, मसाला व रूपये चोरी कर लिए है। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 14.01.2025 को थाना सदर बाजार पर मुकदमा संख्या 23/2025 धारा 331(4)/305 बी.एज.एस. में मामला दर्ज किया गया था। दूसरी घटना 30.03.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना सदर बाजार पर तहरीर दी गयी कि पीड़ित की मधुनगर में किराना स्टोर की दुकान है, दिनांक 19 20.03.2025 की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा दुकान की पीछे की दीवाल तोड़कर दुकान से मसाला, मेवे (लगभग 01 लाख रूपये कीमत के) व

नगदी चोरी करके ले गये है। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 30.03.2025 को थाना सदर बाजार पर मुकदमा संख्या 172 2025 धारा 331(4)/305(ए) बी.एन.एस. अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना सदर बाजार पर पुलिस टीम का गठन किया गया। 31 मार्च दिन सोमवार को थाना सदर बाजार पर गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त/चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर दुकानों से सेंधमारी कर चोरी करने वाले 04 अभियुक्तों मुकुल, प्रशान्त, रोहित व राजेश को नगला लालजीत के सामने मन्दिर के पास सी0ओए0डी0 ग्राउण्ड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे दुकानों से चोरी किये गये मेवे, मसाले सहित अन्य सामान व रुपये 941/ बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त पंजीकृत दोनों अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

पुछताछ में चोरी काबुली

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों से बरामद सामान के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर चारों अभियुक्तों ने बताया कि बरामद सामान को उन्होने ग्वालियर रोड़ मधुनगर से ताला बन्द दुकान से दिनांक 19 20.03.25 की रात में व शिवहरे ट्रेडर्स की दुकान से दिनांक 14.01.2025 की रात मे पीछे की दिवार तोड़कर चोरी किया है। चोरी के सामान को राह चलते लोगों को बेच देते है, जिससे प्राप्त रूपयों से उनके शौक मौज पूरे हो जाते हैं। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्तों ने अपनी पहचान मुकुल उर्फ कान्हा कुशवाहा पुत्र गोविन्द कुशवाहा निवासी अमृतपुरी बुन्दूकटरा थाना सदर बाजार आगरा प्रशान्त उर्फ अन्ना पुत्र पप्पू उर्फ बूढ़े निवासी बुन्दू कटरा थाना सदर बाजार आगरा रोहित पुत्र जितेन्द्र मूल निवासी ग्राम ककरारी देवरी रोड़ थाना ताजगंज आगरा वर्तमान निवासी किराए का मकान न्यू मधुनगर कालोनी थाना सदर बाजार आगरा।

व राजेश पुत्र मुन्ना लाल निवासी डिफेन्स स्टेट फेस 01 न्यू टैगौर स्कूल के पास थाना सदर बाजार आगरा।के रूप में बताई है।

और अभियुक्त मुकुल उर्फ कान्हा व राजेश कुमार व रोहित पर पहले से दो दो अपराधिक मुकदमे दर्ज है। और अभियुक्त प्रशान्त उर्फ अन्ना पर तीन अपराधिक मामले दर्ज है।अभियुक्तों के पास से चोरी किये गये मसालों के पैकेट व मेवे (काजू, बादाम, अखरोट, पिस्ता) अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख है।और 941 रुपए बरामद हुए है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में ये रहे शामिल

पुलिस टीम में थाना प्रभारी सदर बाजार वीरेशपाल गिरी, चौकी प्रभारी सी.ओ.डी. उपनिरीक्षक श्याम सुन्दर, उप निरीक्षक लोकेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक शिवम मिश्रा, उप निरीक्षक विजय सिंह प्रशिक्षु उप निरीक्षक निरंजन तिवारी व महिला उप निरीक्षक ज्योति, कास्टेबल जगदीप व सत्यजीत व धर्मेन्द्र राजपूत, शामिल रहे।

02 अप्रैल को आगरा आएंगे राज्यमंत्री दिनेश प्रताप,

राजकीय आलू प्रक्षेत्र सींगना का करेंगे निरीक्षण

सर्किट हाउस में मंडलायुक्त व जिलाधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ करेंगे समीक्षा बैठक

सांध्य पहल संवाददाता आगरा.31 मार्च । श्री दिनेश प्रताप सिंह, मा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात विभाग उ0 प्र0द्वारा गा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), वन एवं पर्यावरण, आयुक्त, आगरा मण्डल, जिलाधिकारी आगरा, डॉ0 रमन, कंसल्टेंट, सी0आई0पी0 नई दिल्ली एवं विभागीय अधिकारियों / वन विभाग के अधिकारियों के साथ राजकीय आलू, प्रक्षेत्र, सीगना, आगरा में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र की स्थापना के संबंध में हुई प्रगति की समीक्षा व परिचर्चा करेंगे। बैठक में श्री बी0एल0 मीणा ,अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उ0प्र0 शासन भी उपस्थित रहेंगे।

बैठक उपरांत राजकीय आलू प्रक्षेत्र, सींगना, आगरा का निरीक्षण करेंगे।उपनिदेशक उद्यान विभाग डॉ. धर्म पाल ने बताया कि, अंतरराष्ट्रीय आलू अनुसंधान केंद्र पेरू की शोध शाखा आगरा में स्थापित होगी. इस केंद्र से उत्तर प्रदेश के देश के तमाम प्रदेश और दक्षिण एशिया के देशों को लाभ होगा. यहां से किसान स्वयं उच्च गुणवत्ता और निर्यात योग्य प्रजातियां उत्पादित करके आत्मनिर्भर बनेंगे. इसके अलावा किसान औषधीय गुणों से युक्त एवं रंगीन आलू का उत्पादन कर सकेंगे. नई प्रसंस्करण योग्य प्रजातियों का विकास यहां पर किया जाएगा. देश में वृहद एवं लघु स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण की इकाई स्थापित होगी.।

संपादकीय

किसानों की बात सुने

शंभ और खनौरी बॉर्डर से किसानों को हटा कर पुलिस ने तेरह महीनों से अवरोधित अमृतसर-अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग खुलवा दिया। सीमा पर लगे सीमेंट के ब्लॉक, लोहे की कीलें, कंटीले तारों से लगाए गए ये अवरोधक हटाने में कड़ी मशक्कत की गई। किसानों के टेंट भी हटा दिए गए। पंजाब में अभी भी एक हजार से ज्यादा किसान हिरासत में हैं। सौ से ज्यादा प्रदर्शनकारी किसानों पर केस दर्ज कर उन्हें पटियाला जेल भेजा गया। सरकार की कार्रवाई से नाराज किसानों का पुलिस से टकराव भी हुआ। हालांकि पंजाब सरकार ने किसान नेताओं को बैठक के लिए बुलाया है। ता रहे हैं, बॉर्डर बंद होने का सीधा असर कारोबार पर पड़ रहा था। तेरह महीनों में कारोबारियों को दस हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने का अंदाजा है। पिछले काफी समय से व्यापारी और उद्योगपति सरकार पर बॉर्डर खोलने का दबाव बना रहे थे। लुधियाना पश्चिम सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भी राज्य सरकार पर दबाव था। यहां तमाम औद्योगिक इकाइयों में ताला पड़ा है और धंधा पूरी तरह ठप है। स्थानीय लोगों की आवाजाही पर तो असर है ही, बॉर्डर अवरोधकों के कारण लोगों को लंबी दूरी घूम कर संकरे रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ रहा था जिससे आसपास के इलाकों का यातायात प्रभावित हो रहा था। ट्रांसपोर्टरों ने सीमा खुलने पर राहत की सांस ली है क्योंकि किराया बढ़ाने के बावजूद लागत निकालने में उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। नाराज किसान इस कार्रवाई को केंद्र की मिलीभगत से हुई कार्रवाई बताते हुए इसे विश्वासघात कह रहे हैं। राज्य में बंदी के चलते सरकार को हर बार नब्बे करोड़ से अधिक के राजस्व से भी हाथ धोना पड़ा। बावजूद इसके तकरीबन चार सौ दिनों तक सीमा पर बसे प्रदर्शनकारी किसानों ने अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को लेकर ढाई किमी. तक अस्थाई व्यवस्था कर ली थी जिसमें रिहाइश से लेकर दफ्तर, शौचालय, स्टोर, रसोई और लंगर स्थल सब चल रहे थे। बहरहाल, अभी उनकी कोई रणनीति सामने नहीं आई है परंतु उनका रोष और हताशा समझी जा सकती है। वे कह रहे हैं कि उनका आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है। सरकार को ऐसा कड़ा कदम उठाने से पहले उन्हें चेतावनी जरूर देनी चाहिए थी। विरोध या प्रदर्शन करना जनता का अधिकार है। सरकार का दायित्व है, बगैर जोर-जबरदस्ती के किसानों की बात सुने और कोई दरम्याना रास्ता निकाले।

राकेश शुक्ला सम्पूर्ण व्यक्तित्व

पीढ़ी दर पीढ़ी संघर्ष से हासिल की सफलता

सुरेश शर्मा "बीरमपुर"

भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और चंबल अंचल के श्रेष्ठ ब्राह्मण नेता जो सभी बर्ग और सम्प्रदाय के चहेते होकर मोहन सरकार में मंत्री श्री राकेश शुक्ला जी के पिता श्रद्धेय श्री शिवकुमार शुक्ला जी जो मीसाबंदी रहे, भारतीय जनता पार्टी जिला भिंड के अध्यक्ष रहे और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला ग्वालियर में संघचालक रहे इसके आलावा वह उच्च न्यायालय ग्वालियर के ख्यातिप्राप्त अभिभाषक रहते हुए राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य रहे 13/03/1997 को आप ब्रह्मलोक गमन करगये !

जननेता राकेश शुक्ला के तीन भाई हैं इन चारों भाइयों में राम लक्ष्मण भरत शत्रुघन जैसा स्नेह है इनके भ्राता दिनेश रमेश और राजेश अपने अपने कार्यक्षेत्र में जनसेवा में लगे हैं श्री राजेश शुक्ला राज्यअधिवक्ता परिषद के सदस्य हैं और कुछ समय पूर्व तक अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद को सुसोभित करते रहे आप उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर के सम्माननीय अभिभाषक हैं इनके साथ ही इनके अनुज श्री दिनेश शुक्ला न्यायकार्य में रत हैं श्री रमेश शुक्ला राजकीय सेवा में समर्पित हैं ! श्री राकेश शुक्ला जी को पिताजी के देवलोक गमन के बाद पार्टी ने 1998 में मेहगांव बिधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाये और आपने विजयश्री को वरण किया इनका कार्यकाल जनता को अत्यंत भाया क्योंकि यह एक आम आदमी की तरह लोगों के बीच उनके सुख दुख में सहभागी रहे हँसमुख और मिलनसार स्वभाव के कारण यह लोगों के दिलों पर राज करने लगे !

पुन- इसी बिधानसभा क्षेत्र से 2008 में बिधायक चुने गए इस कार्यकाल में मंत्रीमंडल बिस्तार के समय मंत्रीमंडल के लिए इनका प्रभावी तरीके से नाम चला सभी प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया इसबात की साक्षी रही किंतु क्षेत्र के एक और ब्राह्मण नेता जो सूची से बाहर थे किंतु राजनैतिक जोड़ तोड़ से सूची में आने में सफल रहे और इनकी सहजता और कूटनीतिक राजनीती से इनके परे होने के कारण उस समय मंत्री बनने से बंचित रहना पड़ा ! इस कार्यकाल में इन्होने कई सड़क एवं कई पुल अपने व्यक्तिगत प्रयासों से क्षेत्र के लिए स्वीकृत कराये जो क्षेत्र के सर्बांगीन बिकाश के कारक बने साथ ही आपने प्रदेश भर के लोगों की राजनैतिक और प्रशासनिक मदद कर लोकप्रियता अर्जित की इस दौरान मुझे इनके निज सचिव के रूप में कार्य करने का सुअबसर प्राप्त हुआ इस दौरान आपका संत स्वभाव रहा क्षण भर की स्वस्थ गुस्सा इनकी नाक पर रहती थी होठों पर मुस्कान और मन में पवित्रता कार्य के प्रति उत्साह और लोगों की मदद में सदैव तत्परता इनके स्वभाव में समाहित रही ! 2023 में तीसरी बार आपने भारी मतों से जीत हासिल की और प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने पार्टी की मंशानुरूप आपको कवीनामंत्री बनाया और आज प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री के रूप में प्रदेश में लोकप्रिय हैं आपके कार्यकाल में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश ने उच्च मुकाम हासिल किया है कई उल्लेखनीय सफलतायें हासिल की हैं आपको श्योपुर एवं अशोक नगर का प्रभार दिया गया है ! सहज सरल एवं मितव्ययी होने से लोग इन्हे सदैव पसंद करते हैं और इनके चाहनेबालों की लम्बी कतार मौजूद है एक बार जो इनसे जुड़ता है वह कभी इनसे दूर जाने की नहीं सोचता इनका पूरा परिवार संबंध बनाने और उन्हें निभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ता ! आजकल जरा सी उपलब्धि पाकर लोग बौराजाते हैं किंतु इस परिवार में घमंड नाम की कोई चीज नहीं है यही इनकी दिन प्रतिदिन उन्नति और ख्याति का अहम कारण है अपनों के प्रति बफादारी और समर्पण एवं सभी के प्रति सहयोगी एवं अपनत्व के भाव इस पूरे परिवार में प्राय- देखे जासकते हैं ! चारो भाइयों के सात पुत्रों में भी यही सहजता सरलता और स्नेह के भाव परिलक्षित हैं !

जन्मदिन पर बिशेष

शब्द सामर्थ्य -004

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 003 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू- दोकू क्र.004

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.003 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1

दतिया,जहां विराजमान हैं देवी पीताम्बरा

(रमाकांत पंत-विभूति फीचर्स)

मध्य प्रदेश में स्थित दतिया शहर का महत्व सम्पूर्ण भारत वर्ष की आध्यात्म की विरासत में अद्भुत व अतुलनीय है। ब्रह्मास्त्र शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माई पीताम्बरा का दरबार होने के कारण दतिया को पावन धाम का दर्जा प्राप्त है।महाभारत काल की स्मृतियों को अपने आंचल में समेटे दतिया धाम में माई पीताम्बरा के दर्शनों हेतु देश व विदेश से भक्तजनों की आवाजाही निरंतर लगी रहती है इस दरबार के प्रति उत्तराखण्डवासियों की भी गहरी आस्था है। देहरादून,हल्द्वानी, के अलावा दिल्ली,लखनऊ,मुंबई आदि महानगरों में प्रवास कर रहे पहाड़वासी समय समय पर दतिया पहुंचकर माई पीताम्बरा के दर्शन कर अपना जीवन धन्य करते है। भगवान श्री कृष्ण की आराध्या होने के कारण ये केशवस्तुता भी कही जाती है। अनेक प्राचीन वैदिक संहिताओं तथा धर्म ग्रन्थों में महाविद्या बगलामुखी देवी के स्वरूप, शक्ति व लीलाओं का अत्यन्त विषद वर्णन मिलता है। दश महाविद्याओं में भगवती बगलामुखी को पंचम शक्ति के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त है। भारतवर्ष के मध्य प्रदेश राज्य अन्तर्गत दतिया नगर में स्थित पीताम्बरा शक्ति पीठ, भगवती बगलामुखी देवी के प्रमुख शक्ति पीठों में से एक है। इसकी नींव वर्ष 1920 में तत्कालीन महान सन्त पूज्यपाद राष्ट्रगुरु अनन्त श्री स्वामी जी महाराज द्वारा लोक कल्याण के पावन संकल्प के साथ रखी गयी थी। यहीं से बगलामुखी देवी की साधना एवं पूजा-अर्चना पीताम्बरा स्वरूप में आरम्भ हुई और देखते ही देखते इस शक्तिपीठ की कीर्ति पूरे भारतवर्ष में फैल गयी और वर्तमान में तो माँ का यह प्रसिद्ध शक्तिपीठ दुनिया भर के समर्पित साधकों के लिए एक महातीर्थ के रूप में लोक प्रसिद्ध है । दतिया स्थित भगवती पीताम्बरा माई के इस शक्तिपीठ का पुरातन स्वरूप बड़ा ही आकर्षक, मनोहारी एवं परम शान्तिदायक था। नैसर्गिक वातावरण के बीच स्थित यह शक्तिपीठ तब चारों ओर से सघन वनों से घिरा हुआ था। आश्रम से लगे वन क्षेत्र में दिन के समय में भी अनेक वन्य जीव यत्र-तत्र निर्भय होकर विचरते रहते थे। ऐसे भी प्रसंग मिलते हैं जब हिंसक वन्य जीव आश्रम परिसर में आ कर शान्त भाव से घंटों बैठे रहते थे और महाराज के सानिध्य में मानो भक्ति का लाभ उठाते थे। हरे-भरे वृक्षों से आच्छादित आश्रम में नाना प्रकार के पक्षियों का मधुर कलरव यहां के दिव्य एवं मनोहारी वातावरण को और भी मोहक बना देता था। मन्द पवन के बीच रंग-बिरंगे फूलों पर मंडराते भंवरों की गुंजन समूचे वातावरण में संगीत का अनुभव कराती प्रतीत होती थी। आश्रम में दूर-दूर से आकर सन्त-महात्मा एवं साधकगण नित्य ही शोभा पाते थे और पूज्यपाद अनन्त श्री महाराज जी के स्नेह,सानिध्य एवं मार्गदर्शन में माँ भगवती पीताम्बरा देवी की कठोर व पवित्र साधना में रत रह कर अनेकानेक सिद्धियां अर्जित करते थे। सभी तरह की सिद्धियों में लोक कल्याण की पुनीत भावना सर्वोपरि रहती थी।आज भी शान्ति का यह स्वरुप यहां कायम है।

राशिफल

मेष — कार्यक्षेत्र में आज आपको काफी हद तक सफलता हासिल होगी। आज का दिन कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहने वाला है। कुछ समय से चल रही किसी उलझन से आज आपको राहत मिलेगी। आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों में कुछ समय बिताना आपको पॉजिटिव बनाएगा। मेडिकल की पढाई कर रहें छात्रो को सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, सब ठीक रहेगा।

वृषभ — आज का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपको पहले किये गये कार्यों से पॉजीटिव रिजल्ट मिलेगा। आज आप जीवन की वास्तविकता को समझेंगे तथा किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपना मनोबल बनाए रखेंगे। अपने मन मुताबिक कार्य न होने पर एग्रेसिव होने से बचे, शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से अपनी बात को रखने का प्रयास करेंगे तो सब ठीक होगा। मां दुर्गा की आरती करें, सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

मिथुन — आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक रखरखाव तथा सुधार संबंधी कार्यों में बीतेगा । घर के सभी सदस्य आपस में बैठकर एक दूसरे से अपने विचार साझा करेंगे । किसी विशेष काम के प्रति किए गए प्रयासों के लिए उचित परिणाम मिलने के योग हैं। आज अपको किसी करीबी से ऐसी सलाह मिलेगी, जिससे आपको काफी फायदा होगा। मां शैलपुत्री के सामने घी का दिपक जलाये, सब अच्छा होगा।

कर्क — आज बच्चों को करियर के मामले में खुशखबरी मिलेगी। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उन्हे, उनके कार्यों के लिए वाहवाही मिलेगी। सफलतायें छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी। आज अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आपको शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जावान बनाकर रखेगा। इलेक्ट्रोनिक सामान खरीदना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। मां दुर्गा को मीठे का भोग लगायें, दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

सिंह — आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा । आज दोस्तों के साथ फोन पर बात कर के समय बितायेंगें। आज आपके व्यवसाय में स्थिति पहले जैसी ही रहेगी। आज कार्यों को जल्दबाजी में न करके सोच विचार करेंगे तो आपका काम आसानी से होगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आयेगा। माँ शैलपुत्री का ध्यान करें, रूका हुआ पैसा आपको वापस मिलेगा।

कन्या — आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्यों को पूरा करने में रहेगा।आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। आज किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर परिवारजनों का सहयोग आपको निर्णय लेने में मदद कर सकता है। आज किसी प्रिय मित्र से भी मुलाकात होगी। महिलाओ को घर के कार्यो से राहत मिलेगी । बच्चे आज खेल कूद में व्यस्त रहेंगे। देवी दुर्गा की उपासना करें, समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

तुला — आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगें। आज मन मुताबिक काम बनने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के युवाओं को आज जो भी रोजगार संबंधी अवसर मिले, उसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों में किए गए प्रयासों के आज उचित परिणाम सामने आएंगे। आज लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। मां शैलपुत्री को फूल अर्पित करें, घर में शांति बनी रहेगी।

वृश्चिक — आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। आज आपकी कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। आज सरकारी कार्यों को पूरा करने में आपको किसी प्रभावशाली इंसान की मदद मिलेगी। बच्चे आज किसी जरुरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे। जिससे उनके काम पूरे होंगे। लवमेट के लिए आज का दिन उनके अनुकूल रहने वाला है। मां शैलपुत्री के आगें हाथ जोडें, रूके हुए काम पूरें होंगे।

धनु — आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज अनुभवी लोगों के सानिध्य में रहने का अवसर मिलेगा। सकारात्मक पहलुओं की जानकारी मिलेगी । आर्थिक तथा पारिवारिक स्थिति को बेहतर बनाने में आपका प्रयास रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित कार्य संपन्न होंगे। बच्चे आज आपके साथ खेलने की जिद्द करेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। मां शैलपुत्री के सामने कपूर जलाए, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मकर — आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। आज आपकी दैनिक आय पहले से कुछ बेहतर होगी । किसी भी नए काम को शुरू करने में जल्दबाजी ना करें । इस राशि के युवाओं को करियर संबंधी शुभ समाचार मिलने के योग हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे कर्मचारियों के सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। वकील वर्ग के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। मां शैलपुत्री को इलायची अर्पित करें, जीवन में खुशियों की प्राप्ती होगी।

कुंभ — आज का दिन शानदार रहने वाला है। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को आज बड़ा मुनाफा होगा । आज बच्चों के समक्ष आप श्रेष्ठ अभिभावक साबित होंगे। अपने कामों से संबंधित नीतियों पर सोच-विचार करने से आप सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज ऐसी पुरानी चीज आपके हाथलग सकती है, जिसे पा कर आपको खुशी महसूस होगी । आज आपके दाम्पत्य जीवन में खुशियाँ आएँगी। मां दुर्गा के आगें हाथ जोडें, करियर में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे ।

मीन — आज का दिन खुशियां लेकर आया है। बिजनेस में बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका विशेष योगदान रहेगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों के साथ मेल मुलाकात होगी और आपसी रिश्ते में मधुरता आएगी। आपके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास में निखार आएगा। जीवनसाथी आज आपको नन्हे मेहमान के आने की खुशखबरी दें सकते है। मां दुर्गा को लाल चुनरी चढ़ाएं, जीवन में चल रही परशानियाँ खत्म होगी।

मिशन बिहार 2025, सक्रिय हुए अमित शाह

(कुमार कृष्णन -विनायक फीचर्स)

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह मिशन बिहार 2025 पर पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं। इसके लिए उन्होंने राजनीतिक बिसात भी बिछाना प्रारंभ कर दिया है। सरकारी योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यासों के साथ ही अपने इस मिशन के लिए उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगियों के साथ अपने समीकरणों को भी साधना प्रारंभ कर दिया है। गृह मंत्री ने बिहार के पटना में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की 800 करोड़ रूपए से अधिक लागत वाली विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम में उन्होंने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि विगत 10 साल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के करोड़ों गरीबों के कल्याण के लिए कई काम किए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकारों ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने 10 साल में गरीबों को घर, बिजली, गैस, पेयजल, शौचालय, दवाएं और 5 किलो मुफ्त अनाज दिया है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने 80 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज, 4 करोड़ लोगों को घर, 11 करोड़ गैस सिलेंडर, 12 करोड़ से अधिक शौचालय और 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान, महिलाएं, डेयरी, मत्स्यपालन और कृषि से जुड़ी गतिविधियों को गति देने के लिए आज़ादी के 75 साल बाद देश में सहकारिता मंत्रालय का गठन किया।

उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 साल तक देश में किसी को भी सहकारिता को मज़बूत करने के बारे में सोचने की फुरसत नहीं थी। उन्होंने कहा कि बिहार, भूमि, जल और अन्य प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर राज्य है और आने वाले समय में इस राज्य को सहकारिता क्षेत्र का सबसे अधिक फायदा होगा।

इस पूरे कार्यक्रम में अमित शाह के निशाने पर विपक्ष रहा। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकारों के शासनकाल में बिहार में सहकारिता को पूरी तरह चौपट कर दिया गया था और सैकड़ों चीनी मिलें बंद हो गईं थीं। उन्होंने कहा कि एक ज़माने में बिहार का चीनी उत्पादन देश के चीनी उत्पादन का 30 प्रतिशत से अधिक था जो विपक्षी सरकारों के कार्यकाल में घटकर 6 प्रतिशत से भी कम रह गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बिहार में बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने का काम करेगी।उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 तक विपक्षी सरकारों ने बिहार में हत्या, अपहरण, फिरौती, डकैती और लूटपाट की एक इंडस्ट्री चलाई जिसने राज्य को पूरी तरह से बरबाद कर दिया। बिहार में विपक्षी सरकारों के शासनकाल में जातीय नरसंहार हुए, सत्तापोषित भ्रष्टाचार हुआ और चारा घोटाले से राज्य को देश और दुनिया में बदनाम करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सरकार को बिहार के इतिहास में हमेशा के लिए जंगलराज के रूप में जाना जाएगा।बिहार में नीतीश सरकार के 10 साल के कार्यकाल में हर गांव तक सड़क, बिजली और नल से जल पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने घर, शौचालय, पानी, दवाएं, राशन देकर बिहार के गरीबों के कल्याण के काम किए हैं। उन्होंने कहा कि पिछली केन्द्र सरकार के 10 साल के कार्यकाल में बिहार को 2 लाख 80 हज़ार करोड़ रुपए दिए गए थे जबकि मोदी सरकार के 10 साल में बिहार को 9 लाख 23 हज़ार करोड़ रूपए दिए गए हैं। श्री शाह ने कहा कि बिहार में 4 लाख करोड़ रूपए के सड़क और पुल, 1 लाख करोड़ रूपए के रेलवे प्रोजेक्ट्स और 2 हज़ार करोड़ रूपए के एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 8 हज़ार करोड़ रूपए से बिहार में 7 बड़े पुलों का निर्माण हो रहा है, 31 हज़ार करोड़ रूपए से 5 हज़ार किलोमीटर लंबी रेल लाइन बन रही है और देश में पहली किसान रेल भी बिहार से ही शुरू हुई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने बिहार में मखाना बोर्ड बनाया और बरौनी के खाद कारखाने सहित 766 अन्य प्रोजेक्ट भी केन्द्र सरकार की मदद से राज्य में शुरू हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का विकास का 20 साल का ट्रैक रिकॉर्ड है और अब यहां से जंगलराज समाप्त हो चुका है।

मोदी सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को मज़बूत करने के लिए कई काम किए हैं। राज्य में मखाना केन्द्र बनाया है और अब मक्का संशोधन केन्द्र को 1 हज़ार करोड़ की लागत से पुनर्जीवित कर मक्का उगाने वाले किसानों के लिए कई योजनाएं भी हम लाने वाले हैं। आज किसानों का पूरा मक्का, दलहन, गेहूं और चावल, भारत सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद रही है।

श्री शाह ने कहा कि आज बिहार देश में लीची, मशरूम और मखाने के उत्पादन में प्रथम स्थान, मक्का उत्पादन में दूसरे, मसूर दाल और शहद उत्पादन में तीसरे, मूंग और गन्ना उत्पादन में पांचवे और गेहूं और चावल उत्पादन में छठे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि बिहार में कृषि विकास और सहकारिता के विकास की बहुत संभावनाएं हैं जिनका शत प्रतिशत दोहन किया जाएगा। बंद पड़ी 30 चीनी मिलों को शुरू करने में सरकार अपनी पूरी ऊर्जा लगा देगी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी एक बार फिर भाजपा को भरोसा दिया कि अब वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, बल्कि एनडीए में बने रहेंगे। सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमसे गलती हो गई कि हम दो बार उधर चल गए। हमारी पार्टी के ही कुछ लोगों ने गड़बड़ कर दिया था। इसलिए हम इधर से उधर चले गए थे, लेकिन अब हम लोगों ने तय कर लिया है कि कभी उधर नहीं जाएंगे। मुख्य मंत्री नीतीश कुमार ने इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने ही मुझे मुख्यमंत्री बनाया था। अटल बिहारी वाजपेयी ने मुझ पर भरोसा जताया था। हम कैसे भूल सकते हैं। हम लोग शुरू से मिलकर काम कर रहे हैं और आगे भी मिलकर काम करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले थे, उस समय बिहार में कोई काम नहीं हुआ था। वे लोग हिंदू और मुस्लिम के बीच सिर्फ झगड़ा करवाते थे। पढ़ाई को लेकर कोई संसाधन नहीं था।

रेप के बाद 5वीं मंजिल से फेंकी गई टिकटॉक स्टार

जिंदा बचीं लेकिन इज्जत के नाम पर पिता-भाई ने नींद में ही गोलियों से भून डाला



इराक का एक शहर है कुर्दिस्तान। वैसे तो ये शहर खूबसूरत इमारतों और रिच कल्चर के लिए जाना जाता है, लेकिन इस शहर में महिलाओं की स्थिति बद से बदतर है। साल 2023 में इस शहर में 30 औरतों की ऑनर किलिंग हुई । 2022 में ये आंकड़ा 23 था और 2017-19 के बीच यहां 200 महिलाओं को इज्जत के नाम पर बेरहमी से कत्ल कर दिया गया। किसी का कसूर था जबरदस्ती की शादी से इनकार करना, तो कोई पढ़ना चाहती थी। किसी ने कुछ कर दिखाने के सपने देखे, तो कोई सिर्फ इसलिए मारी गई क्योंकि वो कट्टरपंथियों के सांचे में सटीक नहीं बैठती थी।ये आंकड़े हम आपको इसलिए बता रहे हैं क्योंकि आज जो कहानी हम बता रहे हैं वो भी एक इराकी इन्फ्लुएंसर की है, जिसका सिर्फ इसलिए कत्ल कर दिया गया, क्योंकि वो फेमस थी। उसका कत्ल करने वाला कोई अनजान नहीं बल्कि उसके अपने पिता, भाई और रिश्तेदार थे। नींद में ही गोली मारकर उसे छलनी कर दिया गया था।

ये कहानी है टिकटॉक स्टार फैरूज आजाद की। फैरूज परिवार के हाथों मारे जाने से पहले भी मौत का सामना कर चुकी थीं। कुछ महीने पहले उनका रेप हुआ था और उन्हें 5वीं मंजिल से फेंक दिया गया था। जैसे-तैसे वो सर्वाइव कर गईं, लेकिन इस दर्द को भूलने से पहले ही उनका कत्ल हो गया।

आज अनसुनी दास्तान के 3 चैप्टर्स में पढ़िए इन्फ्लुएंसर फैरूज आजाद के कत्ल की सिहरन पैदा करने वाली कहानी-

फैरूज आजाद का जन्म साल 2003 में इराक के कुर्दिस्तान रीजन के इरबिल में हुआ था। उनका एक बड़ा भाई भी था। फैरूज कम उम्र की थीं, जब उनके पेरेंट्स ने तलाक ले लिया। बड़ा भाई पिता के साथ चला गया और फैरूज अपनी मां नाजा फरहाद के साथ रहने लगीं। जब वो बड़ी हुईं तो मां ने इरबिल के शाहीन नहरो से शादी कर ली। इस शादी से भी उन्हें एक बेटा हुआ।शुरुआती पढ़ाई के बाद कम उम्र से ही फैरूज को तस्वीरें लेने और वीडियोज बनाने का बड़ा शौक था। वो अक्सर सज-धजकर अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर डाला करती थीं। समय के साथ उनके फॉलोअर्स में भी इजाफा होने लगा और शहर में भी उन्हें खासी पहचान मिलने लगी।

जैसे-जैसे फैरूज पॉपुलर हो रही थीं, वैसे-वैसे उनके घर में तनाव बढ़ रहा था। वायरल होते-होते फैरूज के वीडियोज उनके बायोलॉजिकल पिता और भाई तक भी पहुंच गए। कट्टर सोच वाले पिता को बेटी का यूं बेपर्दा होकर वीडियो बनाना बर्दाश्त नहीं था। उन्होंने फैरूज की मां से संपर्क किया और साफ-साफ कह दिया कि बेटी से कहा जाए कि वो अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर दे।हालांकि फैरूज अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती थीं और उन्होंने पिता की नाराजगी को अपने काम के आड़े नहीं आने दिया। इराक जैसे इस्लामिक देश में, जहां पर्दा करने पर सख्ती थी और महिलाओं पर कई पाबंदियां थीं, ऐसे देश में फैरूज का मॉडर्न कपड़े पहनना और गाने गाते, डांस करते हुए वीडियो बनाना चर्चा का मुद्दा बन गया।

हालांकि इन सामाजिक अड़चनों से इतर फैरूज इराक में मशहूर हो गईं। उन्हें इराक के सबसे पॉपुलर इन्फ्लुएंसर में गिना जाने लगा था। कंटेंट क्रिएशन के सिलसिले में फैरूज की साथी इन्फ्लुएंसर से भी मुलाकातें होने लगीं।

18 नवंबर 2023 की बात है, फैरूज को दो साथी टिकटॉक स्टार ने मिलने बुलाया। फैरूज उन्हें अच्छी तरह जानती थीं, ऐसे में वो उनसे मिलने चली गईं। उनकी मुलाकात एर्बिल के हाउसिंग अपार्टमेंट में हुई। कुछ समय बाद ही कंटेंट पर फैरूज की उन दोनों लड़कों से बहस होने लगी। बहस के दौरान दोनों लड़कों ने उनके साथ जबरदस्ती की। फैरूज वहां से भागने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन दोनों की जोर-जबरदस्ती के चलते वो ऐसा नहीं कर सकीं।

उनका झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि दोनों लड़कों ने फैरूज को हाउसिंग अपार्टमेंट की 5वीं मंजिल की बालकनी से नीचे फेंक दिया। फिर भी फैरूज जिंदा बच गईं। जब वो गिरीं तो पास से गुजर रहे कुछ लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया। उनका एक पैर टूट गया, रीढ़ की हड्डी और कमर में फ्रैक्चर हो गया और शरीर पर कई और चोटें भी लगी थीं।हत्या का प्रयास करने के आरोप में दोनों आरोपी इन्फ्लुएंसर के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई। इस मामले में पुलिस ने अस्पताल में फैरूज का बयान दर्ज किया। फैरूज ने पुलिस को बताया कि 5वीं मंजिल से फेंके जाने से पहले उनका रेप किया गया था। फैरूज के अनुसार, बहस के दौरान दोनों लड़कों ने उन्हें पकड़ लिया। एक लड़के ने उनका रेप किया। दूसरा लड़का भी रेप करना चाहता था, लेकिन बचाव में उन्होंने जब चीखना शुरू कर हाथ-पैर झटके तो गुस्से में दोनों ने उन्हें बिल्डिंग से नीचे फेंक दिया। फैरूज के बयान के बाद दोनों इन्फ्लुएंसर को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि, कुछ ही दिनों बाद फैरूज के बायोलॉजिकल पिता ने उनसे 50 हजार डॉलर लेकर केस खत्म करवा दिया।

आमिर-सलमान का ईद सेलिब्रेशनएक्टर ने गैलेक्सी की बालकनी से फैंस को वेव किया; दोनों बेटों के साथ दिखे मिस्टर परफेक्शनिस्ट



सोमवार को देशभर में ईद का त्योहार मनाया जा रहा है। बॉलीवुड के कई कलाकारों ने अलग-अलग तरह से ईद सेलिब्रेट की। इसी बीच सलमान और आमिर ने अपने पुराने सेलिब्रेशन ट्रेंड को फॉलो किया है। सलमान खान हर बार की तरह इस बार भी गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी में आए।वहीं, आमिर खान बेटे जुनैद खान और आजाद खान के साथ नजर आए। इस दौरान तीनों ने सफेद कुर्ता-पायजामा पहना हुआ था।आमिर खान के घर पर ईद के मौके पर उनकी दोनों एक्स वाइफ रीना दत्ता और किरण राव भी पहुंची। आमिर बालकनी में फिल्म अंदाज अपना अपना के निर्देशक राजकुमार संतोषी के साथ दिखाई दिए। फिल्म 25 अप्रैल को री-रिलीज होगी। मेकर्स ने हाल ही में कहा था, री-रिलीज के बाद सीक्वल के बारे में सोचेंगे। इस फिल्म में आमिर और सलमान साथ नजर आए थे।

सलमान खान हर साल ईद के मौके पर पिता सलीम खान के साथ दिखाई देते हैं। लेकिन, इस बार वह बहन अर्पिता के बेटे आहिल और बेटी आयत के साथ बालकनी में नजर आए।

सलमान के घर की सुरक्षा बढ़ाई गई थी

जनवरी 2025, में सलमान ने अपने घर की सुरक्षा बढ़ा दी थी। एक्टर ने गैलेक्सी अपार्टमेंट की बालकनी की सुरक्षा के लिए नए बुलेटप्रूफ ग्लास लगवाए थे। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से उनकी और यहां तक कि उनके परिवार के लोगों की जान को लगातार खतरा होने के चलते यह कदम उठाया गया था।

'सुशांत सिंह राजपूत पर बोलने की सजा मिली' -दिवंगत एक्टर की दोस्त बोलीं- पब्लिसिटी के लिए कोई अपनी जिंदगी और करियर दांव पर नहीं लगाता

टीवी एक्ट्रेस क्रिसन बैरेटो, जो 'ससुराल सिमर का' और 'कैसी ये यारियां' जैसे शोज में अपनी एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं, ने हाल ही में अपने स्ट्रगल को लेकर बड़ा खुलासा किया।एक्ट्रेस ने बताया कि जब उन्होंने दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के बारे में खुलकर बात की, तो इसका खामियाजा उन्हें अपने करियर में भुगतना पड़ा।

अगर आप एक्टर हैं, तो आपको दुख जताने का हक नहीं

शार्दुल पंडित के शो 'अनसेंसर्ड विद शार्दुल' में बातचीत के दौरान क्रिसन ने बताया कि सुशांत के लिए बोलने के बाद उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें सिर्फ आलोचना ही नहीं झेलनी पड़ी, बल्कि प्रोडक्शन हाउसेज ने भी उन्हें काम देने से मना कर दिया।

उन्होंने कहा, 'इंडिया में अगर आप एक्टर हैं, तो आपको अपना दुख दिखाने का हक नहीं है। अगर आपका कोई दोस्त चला जाता है और आप उसके बारे में कुछ कहते हैं, तो लोग सोचते हैं कि आप अटेंशन के लिए कर रहे हैं। कैमरे के सामने रहने की वजह से लोग हमारी असली इमोशंस को भी एक्टिंग मानते हैं।'

मैंने करियर और जिंदगी का रिस्क लिया

सुशांत के केस पर खुलकर बोलने के खतरे के बारे में क्रिसन ने कहा कि यह आसान फैसला नहीं था। 'कोई इस पर इसलिए नहीं बोल रहा था, क्योंकि इसमें रिस्क था। मैंने अपने करियर और जिंदगी का रिस्क ले लिया।

मनोज बाजपेयी ने बताया फिल्मों-सीरीज में क्यों देते हैं गालियां

बोले- ऐसा करना सही नहीं लगता है, स्क्रिप्ट के आगे मजबूर हूं



मनोज बाजपेयी की एक्टिंग के अलावा फिल्मों और सीरीज में उनकी गालियां भी बड़ी फेमस हैं। उनके इस फ्रस्टेट अवतार को लोग पसंद भी करते हैं। हालांकि स्क्रीन पर गालियां देने में मनोज को कोई आनंद नहीं आता है। उन्हें तो ऐसा करना अच्छा भी नहीं लगता है। मनोज ने कहा कि स्क्रिप्ट की डिमांड ही ऐसी रहती है कि उन्हें ऐसे शब्दों का प्रयोग करना पड़ता है।

मनोज बाजपेयी आज भी थिएटर को काफी मिस करते हैं। मनोज ने कहा कि वो अपने आप को आज भी सिनेमा का एक्टर नहीं मानते। वो खुद को थिएटर एक्टर के तौर पर जानते हैं। प्राची देसाई ने कहा कि जो स्क्रिप्ट वो कई बार पढ़ती हैं, मनोज बाजपेयी उसे कुछ ही बार में पढ़कर समझ लेते हैं।

मनोज बाजपेयी और प्राची देसाई की फिल्म साइलेंस-2, 16 अप्रैल को OTT प्लेटफॉर्म ZEE 5 पर रिलीज होगी। दोनों एक्टर ने फिल्म और अपनी प्रोफेशनल लाइफ के बारे में बातचीत की है।

मनोज ने कहा- स्क्रिप्ट की डिमांड की वजह से देनी पड़ती हैं गालियां

वेब सीरीज और फिल्मों में मनोज बाजपेयी की गालियां भी बहुत पॉपुलर हो रही हैं। इस संबंध में मनोज ने हंसते हुए कहा- मैं गालियां देना चाहता तो नहीं हूं, लेकिन डायरेक्टर्स मुझसे यह निकलवा लेते हैं। लोग अट्रैक्ट हों, इसके लिए कभी गालियां नहीं देता। जब स्क्रिप्ट की मांग रहती है, तभी गालियां ऐड की जाती हैं। जब लगता है कैरेक्टर फ्रस्टेट हो रहा है, तभी वो गालियां देता है।

डायलॉग्स की लाइनें याद करना मुश्किल काम- मनोज

मनोज बाजपेयी ने कहा कि डायलॉग्स की लाइंस याद करना सबसे मुश्किल काम होता है। इस फिल्म की डायरेक्टर अबान बहुत डीटेल्ड स्क्रिप्ट लिखती हैं। कई वर्ड तो ऐसे लिखती हैं, जो हमने कभी सुने ही नहीं होते। ऐसे वर्ड को समझना और उसे नेचुरली बोलना सबसे मुश्किल काम है।

अपने रोल में घुस जाते हैं मनोज

डायरेक्टर अबन देव ने कहा- मनोज बाजपेयी सर अपने रोल में घुस जाते हैं, इसका एक उदाहरण बताती हूं। जब मैं साइलेंस-2 की स्क्रिप्ट लिख रही थी तो मनोज सर ने कहा कि मुझे तीन-चार दिन पहले एक फाइनल स्क्रिप्ट दे दीजिएगा ताकि मैं तैयारी कर सकूं।

काम करने के तरीकों में बदलाव करते रहते हैं मनोज

मनोज ने कहा कि वो कभी भी एक प्रोसेस पर ज्यादा नहीं चलते।

संक्षिप्त समाचार

बैंक ऑफ अमेरिका ने सोने की कीमतों पर किया बड़ा दावा, एमपीसी के बाद रेपो रेट घटने का भी अनुमान

नई दिल्ली,ए.। अगर सोने की गैर-वाणिज्यिक खरीद में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो अगले 18 महीनों में इसकी कीमतें संभावित रूप से 16% तक बढ़कर 3,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकती हैं। बैंक ऑफ अमेरिका (BofA) ने अपनी एक रिसर्च रिपोर्ट में यह दावा किया है। इसके साथ ही बैंक ऑफ अमेरिका ने अपनी रिसर्च रिपोर्ट में यह भी बताया है कि आरबीआई अप्रैल में होने वाली अपनी मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक में एक बार फिर रेपो रेट घटा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार सोने में निवेश की मामूली वृद्धि भी इस साल सोने की कीमतों पर बड़ा असर डाल सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर निवेश की मांग में सिर्फ 1 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो 2025 में सोना औसतन 3,000 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है, अगर गैर-वाणिज्यिक खरीद में 10 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो आने वाले 18 महीनों में सोना संभावित रूप से 3,500 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है।

एटीएम से पैसे निकालना महंगा, न्यूनतम बैलेंस के नियम सख्त

नई दिल्ली,ए.। से नए वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत हो रही है।?इस तारीख से आपकी जेब और जिंदगी पर सीधा असर डालने वाले कई बड़े बदलाव होने वाले हैं। इस दौरान टैक्स, बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, जमा, बचत व जीएसटी से जुड़े नियमों में संशोधन हो रहा है। इन बदलावों का मकसद करदाताओं, वरिष्ठ नागरिकों, उपभोक्ताओं और व्यवसायों को राहत देकर खर्च एवं खपत को बढ़ाना है, ताकि अर्थव्यवस्था की रफ्तार को मजबूती मिल सके।

एटीएम से पैसे निकालना महंगा, हर अतिरिक्त निकासी पर 23 रुपये शुल्क

एटीएम से पैसे निकालना एक मई, 2025 से महंगा हो जाएगा। आरबीआई ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर एटीएम इंटरचेंज शुल्क बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। इस बदलाव से एटीएम का बार-बार इस्तेमाल करने वाले ग्राहक प्रभावित होंगे, क्योंकि शुल्क वृद्धि से निकासी लागत बढ़ जाएगी।अधिसूचना के मुताबिक, एक मई से ग्राहकों को मुफ्त निकासी सीमा के बाद हर लेनदेन के लिए दो रुपये अतिरिक्त देने होंगे। यानी हर नकद निकासी पर 21 रुपये की जगह अब 23 रुपये शुल्क लगेगा। दरअसल, एटीएम से मुफ्त नकदी निकासी की एक सीमा तय है। मेट्रो शहरों में ग्राहक एक महीने में अपने बैंक के एटीएम से पांच बार और दूसरे बैंक के एटीएम से तीन बार बिना किसी शुल्क के पैसे निकाल सकते हैं। इसके बाद ग्राहकों को अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है।

फैशन ब्रांड प्रीमार्क के सीईओ ने पद छोड़ा

नई दिल्ली,ए.। यूरोप के सबसे बड़े फास्ट फैशन खुदरा विक्रेताओं में से एक, प्रीमार्क के सीईओ ने एक महिला के प्रति अपने व्यवहार की जांच के बाद इस्तीफा दे दिया है। 2009 से प्रीमार्क के सीईओ पॉल मर्चेंट ने इस मामले में संबंधित व्यक्ति से माफी मांगी है और तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देने का एलान किया है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीईओ के पद छोड़ने के बाद बाद प्रीमार्क की पैरेंट कंपनी एसोसिएटेड ब्रिटिश फूड्स (एबीएफ) के शेयरों में शुरुआती कारोबार में 4.9त्न की गिरावट आई।

आखिर 15 ओवर के बाद ही क्यों बैटिंग करने आते हैं धोनी?

-फ्लेमिंग ने दिया सबसे बड़े सवाल का जवाब

नईदिल्ली, एजेंसी। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को आईपीएल 2025 में तीन में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। टीम की बल्लेबाजी काफी कमजोर नजर आ रही है और ऊपर से एमएस धोनी का बैटिंग नंबर भी एक चिंता का विषय है क्योंकि या तो वो नंबर 9 पर आ रहे हैं और या तो नंबर 7 पर, ये दोनों ही ऐसे नंबर हैं जहां पर मैच को कंट्रोल करने के लिए धोनी को बहुत ही कम ओवर मिलते हैं। कुछ फैंस का मानना है कि धोनी को बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा ऊपर आकर मैच को कंट्रोल करना चाहिए लेकिन अब कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने जो खुलासा किया है उसने सीएसके फैंस के दिल में धोनी की इज्ज़त और बढ़ा दी है। फ्लेमिंग ने कहा है कि लाइनअप में एमएस धोनी की बल्लेबाजी की स्थिति समय पर निर्भर करती है क्योंकि दिग्गज विकेटकीपर की फिटनेस पहले जैसी नहीं रही। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए फ्लेमिंग ने कहा कि धोनी के घुटने पहले जैसे नहीं रहे। सीएसके कोच ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज लंबे समय तक बल्लेबाजी नहीं कर सकता और 43 वर्षीय धोनी अंत में ये आंकलन करते हैं कि वो टीम के लिए क्या दे सकते हैं। फ्लेमिंग ने कहा, हां, ये समय की बात है।एमएस इसका आकलन करते हैं। उनका शरीर, उनके घुटने पहले जैसे नहीं हैं और वो ठीक से चल रहे हैं, लेकिन इसमें अभी भी एक कमी है। वो पूरे स्टिक से 10 ओवर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकते। इसलिए वो उस दिन आकलन करेंगे कि वो हमें क्या दे सकते हैं। अगर खेल आज की तरह संतुलन में है, तो वो थोड़ा पहले जाएंगे और जब अन्य अवसर आएंगे तो वो अन्य खिलाड़ियों का समर्थन करेंगे। इसलिए वो इसे संतुलित कर रहे हैं। फ्लेमिंग ने आगे बोलते हुए कहा, मैंने पिछले साल भी यही कहा था कि वो हमारे लिए बहुत मूल्यवान है।

नेतृत्व और विकेटकीपिंग - इसलिए उसे नौ, दस ओवर में नहीं खिलाया जा सकता। उसने वास्तव में ऐसा कभी नहीं किया है। इसलिए, देखिए, लगभग 13-14 ओवरों से, वो इस बात पर निर्भर करता है कि कौन खेल रहा है। शायद फ्लेमिंग के खुलासे के बाद ये सवाल उठना बंद हो जाएंगे कि आखिर धोनी बल्लेबाजी क्रम में नीचे क्यों आते हैं। आपको बता दें कि धोनी अगली बार शनिवार, 5 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने घरेलू मैच में सीएसके के लिए खेलेंगे।

आरआर कप्तान रियान पराग पर सीएसके के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगा

नईदिल्ली, एजेंसी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। राजस्थान ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 182 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया और पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पर छह रन से जीत दर्ज की, लेकिन टीम निर्धारित समय में 20 ओवर पूरे नहीं कर सकी, जिसके कारण कप्तान पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आधिकारिक बयान में कहा गया है, राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर 30 मार्च, 2025 को एसीए स्टेडियम, गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 11वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले, बीसीसीआई ने फैसला किया है कि कप्तानों को अब टीम के धीमे ओवर-रेट के लिए मैच प्रतिबंध का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके बजाय, कप्तानों के लिए एक डिमेरिट अंक होगा। 20 मार्च को बीसीसीआई मुख्यालय में कप्तानों की बैठक के दौरान सभी टीमों को इसकी जानकारी दी गई। इससे पहले, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर भी इसी वजह से जुर्माना लगाया गया था।

इतना ही नहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के मैच में धीमी ओवर गति के कारण लगे प्रतिबंध की वजह से हार्दिक चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मुंबई इंडियंस का पहला मैच नहीं खेल पाए थे। आईपीएल 2025 की शुरुआत से पहले, बीसीसीआई ने फैसला किया है कि कप्तानों को अब टीम के धीमे ओवर-रेट के लिए मैच प्रतिबंध का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके बजाय, कप्तानों के लिए एक डिमेरिट अंक होगा। 20 मार्च को बीसीसीआई मुख्यालय में कप्तानों की बैठक के दौरान सभी टीमों को इसकी जानकारी दी गई।

एमआई के लिए आई बड़ी खुशखबरी, जसप्रीत बुमराह ने शुरू की बॉलिंग

-जल्द हो सकती है वापसी

नईदिल्ली,एजेंसी। मुंबई इंडियंस की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लगातार दो हार का सामना करना पड़ा है। लगातार हार का सामना कर रही मुंबई के लिए इस बीच राहत की खबर सामने आई है। टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नेट्स पर गेंदबाजी शुरू कर दी है और उनका एक वीडियो भी सामने आया है। सिडनी में खेले गए बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के पांचवें टेस्ट के बाद से बुमराह एक्शन से बाहर हैं। तेज गेंदबाज को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से भी बाहर कर दिया गया था और वो अभी तक एक्शन में नहीं लौटे हैं। यहां तक कि इंडियन प्रीमियर लीग की टीम मुंबई इंडियंस भी बुमराह की वापसी को लेकर चिंतित है क्योंकि वो अब तक आईपीएल 2025 के अपने पहले दो मैच हार चुके हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी खबर ये है कि तेज गेंदबाज ने नेट्स पर गेंदबाजी शुरू कर दी है और धीरे-धीरे पूरी तरह से फिट हो रहे हैं। वायरल हुए एक वीडियो में बुमराह को पूरी तीव्रता के साथ नेट्स पर गेंदबाजी करते देखा गया, जिससे उनकी जल्द वापसी की उम्मीद जगी है। हाल ही में, एमआई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने बुमराह की फिटनेस पर अपडेट दिया और खुलासा किया कि वो अपने दैनिक कार्यक्रमों से गुजर रहे हैं। तेज गेंदबाज ने अपनी रिकवरी में अब तक अच्छी प्रगति की है। हालांकि, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मेडिकल स्टाफ ने उनकी वापसी के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बताई है। बुमराह के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तक फिट होने की उम्मीद थी और उन्हें टीम में भी शामिल किया गया था। हालांकि, जब वो समय पर फिट नहीं हो पाए तो उनकी जगह हर्षित राणा को शामिल किया गया। अब आईपीएल के बाद भारत को इंग्लैंड दौरे पर जाना है और 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अपने अगले चक्र में भारत को बुमराह की बहुत जरूरत पड़ने वाली है।

अमन चैन की दुआओं के साथ उठे हजारों हाथ

ललितपुर। लगातार 30 दिनों तक रोजा रखने और अल्लाह की इबादत करने के बाद सोमवार को जब ईद आई तो चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। सारे गम हवा हो गए। होठों पर मुस्कराहट थीं तो जबाँ पर मुहब्बत की बातें। एक-दूसरे से गले मिले तो बरसों पुराने शिकवे दूर हो गए। फिजा में सिर्फ ईद मुबारक.. ईद मुबारक की गूँज थीं। ईद हो और सेवईयों का जिक्र न हो, यह मुमकिन नहीं है। सो, दस्तरखान पर नए-पुराने दोस्त, रिश्तेदार, पड़ौसी सभी मौजूद थे। आपसी सौहार्द को बढ़ाना था, इसलिए क्या हिन्दू, क्या ईसाई और क्या मुसलमान। सभी ने एक साथ बैठकर लजीज पकवानों का लुत्फ उठाया। मुस्लिम इलाकों में जश्न जैसा माहौल रहा।

ईद-उल-फितर का पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया

शहर में ईदगाह समेत अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई और मुल्क के अमन चैन व सलामती की दुआओं के लिए एक साथ हजारों हाथों उठे।

तुवन के पास स्थित ईदगाह पर शहर पेश इमाम हाफिज मुवीन खान ने नमाज अदा कराई। इसके बाद खुतवा पढ़ कर सुनाया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जिले का सांप्रदायिक सौहार्द देश में मिसाल कायम किए है। ईद मनाने में सभी वर्ग के लोगों ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर असलम कुरैशी, उर्स कमेटी सदर बाबू बदबरुद्दीन कुरैशी, अबरार अली, मोहम्मद नसीम, नायब सदर अब्दुल रहमान कल्ला, हाजी साबिर अली, रमजानी दादा, मुशतफा पार्षद, आदि उपस्थित रहे। ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद, कदीमी मस्जिद, बाबा सदनशाह दरगाह, गोविंदनगर, बरिया वाली, मस्जिद, मस्जिद मसीद चिरौलपुरा, पुलिस लाइन आदि मस्जिदों में धर्म गुरुओं ने परंपरागत ढंग से ईद की नमाज अदा कराई। सुबह-सुबह हर तरफ नए कपड़ों, इत्र की खुशबुओं से लवरेज रोजेदार, नमाजी ईदगाह की ओर बढ़ रहे थे। 7.46 बजे तक ईदगाह के चारों ओर नमाजी जमा हो गये थे। जिसको जहाँ जगह मिली वहां कपड़ा बिछा लिया और नमाज पढने् की तैयारी पूरी कर ली। जो दूर से आए थे, उन्होंने वजू किया और अपनी जगह पर बैठ गए। ईद की नमाज सुबह 8.15 बजे शुरू हुई। शहर पेश इमाम हाफिज मुवीन खान ने नमाज अदा कराई।

इससे पहले उन्होंने 20 मिनिट तक रमजान, ईद, रोजे, फितरा और जकात के बारे में समझाया। उन्होंने अपील की कि हर मुसलमान फितरा जरूर निकालें, ताकि जरूरतमंद और मुफलिसी का शिकार मुसलमान भी ईद मना सकें। उन्होंने कहा कि परिवार में जितने शख्स हैं उतने लोगों का फितरा अदा करें। उन्होंने कहा कि ललितपुर में अमन चैन कायम है और रहेगा। यहा की कौमी एकता की मिशाल दूर-दूर तक है। सभी समुदाय मिलजुल कर एक साथ सुख-दुख बाट रहे हैं। मुल्क के साथ साथ हर एक कौम की तरक्की हो।

अब्बू के कन्धों पर ईदगाह पहुँचे बच्चे

ईद का मौका था, इसलिए बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी की गई। गुरूवार को ईद की नमाज के लिए लोग खुद तो पहुंचे ही, वे छोटे-छोटे बच्चों को लेकर भी आए। कुछ बच्चे तो इतने छोटे थे कि वे अब्बा के कंधों पर थे। रंग-बिरंगे कपड़ों में लिपटे बच्चों ने जब गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी तो पूरा माहौल खुशनुमा हो गया।

नेक कामों में आगे बढ़े मुसलमान

ईदगाह में नमाज से पहले शहर पेश इमाम हाफिज मुवीन खान ने लोगों को खिताब किया। उन्होंने कहा कि मुसलमान नेक कामों में आगे बढ़े। पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की सुन्नत पर अमल हो।

कुरान के हुक्मों को जिंदगी में उतारें। उन्होंने युवाओं को मुखातिब करते हुए कहा कि वे इंटरनेट का इस्तेमाल अच्छी चीजों के लिए करें। मां-बाप अपने बच्चों को दीन और दुनियावी दोनों तालीम दिलाएं। उन्होंने लोगों को दीन की रस्सी को मजबूती से पकडने् की नसीहत दी। कहा लोग दूसरों का हक जरूर अदा करें। अल्लाह के यहा इसका सवाल होगा।

लजीज पकवानों से सजा दस्तरखान

ईद का मौका, तो सो दिल के साथ ही दस्तरखान भी बड़ा हो गया। दस्तरखान पर शरबती और किमामी सेवई के साथ ही छोला, दही बड़ा, पकौड़ी, पापड़ इत्यादि मौजूद थी। लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर जायकेदार पकवानों का लुत्फ उठाया। लोगों ने मेहमान नवाजी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

ईदगाह के साथ मस्जिदों पर रही विशेष सतर्कता

ईद को लेकर शहर समेत पूरे जनपद में विशेष सुरक्षा व्यवस्था रही। शहर में ईदगाह के अलावा अन्य मस्जिदों में महिला व पुरुष जवान तैनात किए गए थे। इसके अलावा कहीं कोई कमी न रह जाए, इसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। सिविल ड्रेस में भी कुछ पुलिस जवानों को यहाँ तैनात किया गया था।

कानून व्यवस्था में शिथिलता नहीं बरतें अधिकारी : एसपी

कोतवाली का निरीक्षण कर दिये निर्देश

ललितपुर। ईद के साथ-साथ नवरात्रि व उर्स मेला को लेकर रविवार की देर रात पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रॉल-कॉल कर शान्ति व कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। एसपी ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित करते हुये सम्पूर्ण परिसर व कार्यालय को स्वच्छ रखने के लिए निर्देशित किया गया।

सभी अधिकारियों व चौकी इंचार्जों को निर्देश जारी किये गये कि वह कानून व्यवस्था में शिथिलता न बरतें। एसपी ने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिये। मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने और थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारीगण/चौकी इंचार्जों को आगामी त्यौहारों ईद के साथ ही नवरात्रि व उर्स मेला के दृष्टिगत सभी मस्जिदों, ईदगाह व चिन्हित स्थानों पर ड्यूटियां लगाने के सम्बन्ध में ब्रीफ किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शत-प्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये एवं थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमीनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। आगामी त्यौहार ईद, नवरात्रि, रामनवमी आदि के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक को सुरक्षा-व्यवस्था के संबंध में निर्देशित किया गया। एसपी ने निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालको की चैकिंग कर आवश्यक कार्यवाही करें।

जमीन पर गये युवक को दी जान से मारने की धमकी

ललितपुर। शहर क्षेत्र के मोहल्ला चौबयाना में रहने वाले आशीष कुमार उर्फ वास्तव पुत्र रमेश कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी आराजी संख्या 5268, 5280 व 5069 हवाई पट्टी के पास है। उसकी जमीन से लगी हुयी छोटेलाल आदि की है, जिसके चलते उसकी छोटेलाल ने उसकी हदबंदी के चीरा तोड़ दिये थे, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इतना ही नहीं छोटेलाल ने उसकी जमीन पर फसल भी बो लेने का आरोप लगाया है। बताया कि 25 मार्च को जब वह अपने खेत पर गया तो वहां मौजूद मोहल्ला बड़ापुरा व हाल रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास निवासी छोटेलाल उर्फ गनेश रजक, ओमकार पुत्र बालकदास, योगी पुत्र छोटेलाल रजक ने गालियां देते हुये जमीन को भूल जाने की बात कही।

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर कवि गोष्ठी का हुआ आयोजन

ललितपुर। नव संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर संस्कार भारती के तत्वाधान में एक कवि गोष्ठी संपन्न हुई। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता बृजमोहन संज्ञा ने एवं संचालन कवि महेश नामदेव ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अथितियों प्रताप नारायण दीक्षित, बाबू गंधर्व सिंह लोधी, कृष्णकांत सोनी पत्रकार एवं संस्था संस्कार भारती के अध्यक्ष बृजमोहन संज्ञा द्वारा विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया।

काव्य गोष्ठी में सर्व प्रथम कवि अखिलेश शांडिल्य ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। गोष्ठी में रमेश पाठक रविन्द्र, सुदेश सोनी, पुरषोत्तम नारायण पस्तोर, बालमुकुंद सोनी, महेश नामदेव, अखिलेश शांडिल्य, राजेश लिटोरिया (सूदे) ने कहा कि जी को जानों हांथ पोंच रओ, वो उत्तई ज्यादा नोंच रओ, भष्टाचार की लगा नसैनी, भारत मां खों खूब नोंच रओ। अरुण गोस्वामी ने पढ़ा-रामधई खांय लेत मंहगाई, जिते लगत हैं बीस रूपैया उतै लगत ती पाई। शीलचंद्र जैन शास्त्री ने पढ़ा- आने वाले नव-संवत्सर, करना बस इतना उपकार। बेकारी-भय-भूख-व्याधि के लाना रामवाण उपचार। वीरेंद्र

जैन विद्रोही ने पढ़ा चाबियां घर की बहू को, सास ने जब सौप दी, मालकिन थी जो कभी, वो नौकरानी हो गयी। कवि के के पाठक ने गीत पढ़ते हुये कहा कि जप लो मैया मैया मैं सांसी कहों। आत्माराम रिछारिया द्वारा अपना काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में आलोक श्रीवास्तव, सर्वेश श्रीवास्तव आदि भी उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित अतिथियों का आभार बृजमोहन संज्ञा ने व के.के.पाठक ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया।

प्रथम पैरा लॉन्ग बॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे तीसरा स्थान प्राप्त किया

ललितपुर। बुंदेलखंड माटी की वीरांगना बेबी राजपूत पत्नी शैलेन्द्र सिंह राजपूत निवासी नेहरू नगर ने जनपदवासियों को गौरवान्वित कर दिया। बेबी राजपूत ने प्रथम पैरा लॉन्ग बॉल राष्टीय चैंपियनशिप मे तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मैडल जीता। ये चैंपियनशिप 28 से 29 मार्च 2025 को स्थान युमना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स न्यू दिल्ली मे हुई थी। बताया गया है कि बेबी राजपूत के पति शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने भी जनपद स्तर का राष्टीय और अंतरराष्टीय स्तर पर नाम रोशन किया। इनने व्हीलचेयर बास्केटबॉल व्हीलचेयर लॉन्ग टेनिस व्हीलचेयर क्रिकेट में प्रतिभाग कर जीत हांसिल कर अपना लोहा मनवाया है। इन्होंने जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। कोच शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया आगे आने वाली चैंपियनशिप मे बेबी राजपूत से गोल्ड मैडल की उम्मीद रहेगी और साथ मे लॉन्ग बॉल की अंतरराष्टीय चैंपियनशिप में भी देश के लिए गोल्ड मैडल जीत कर देश का नाम रोशन करेंगी कि बेबी राजपूत के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा घायल

ललितपुर। बिरधा हाई-वे किनारे स्थित ग्राम भैंसाई पोस्ट घटवार में रहने वाले विशाल नायक पुत्र मुकेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 24 मार्च को उसकी दादी ताराबाई पत्नी स्व.प्रेमनारायण अपने खेत से घर की ओर आ रही थी। तभी चार पहिया वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उन्हें टक्कर मार दी और भाग गया। घायलावस्था में पड़ी उसकी दादी को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां वह उपचाररत हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

पानी का काला कारोबार, अवैध भूजल दोहन से सूख रही धरती की कोख

नमामि गंगा योजना को पलीता लगाते अवैध वाटर प्लांट

ललितपुर। जल ही जीवन है, लेकिन अब लोगों को जीवन देने वाला जल व्यापार में बदल गया है। बात व्यापार में बदलने तक ही सीमित नहीं रही। अब इसका धंधा करने वाले लोग रुपया कमाने के लालच में इस कदर अंधे हो गए हैं कि वह लोगों को पानी के नाम पर बीमारियां बांट रहे हैं। डाउन टू अर्थ की रिपोर्ट के अनुसार ललितपुर सहित पूरा भारत गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है, जहां सिंचाई के लिए भूजल का दोहन बढ़ रहा है, पानी की गुणवत्ता में गिरावट आ रही है और पानी की कमी से लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। ललितपुर में नलों से गंदा पानी आना व खारेपन की समस्या कुछ लोगों के लिए वरदान बन गई है। सीधे सबमर्सीबल से निकाले जाने वाले जल का खारापन दूर करने के लिए इस धंधे में उतरे लोग पानी ठण्डा करके आर.ओ. का नाम देकर खुलेआम बेच रहे हैं और शहर की जनता के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। जल निगम और जल संस्थान विभाग अभी तक अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ जल मुहैया नहीं करा पाया है। यही वजह है कि जिले में करीब सैकड़ों व्यापारी गली-मोहल्लों में आर.ओ. प्लांट के नाम पर प्रतिदिन अवैध रूप से लाखों लीटर भूजल दोहन कर रहे हैं, जो घर-घर और दफ्तर व समारोह में बोतल और कंटेनर से मनमाने दामों में शुद्ध जल के नाम पर मानकों के विपरीत जलापूर्ति कर रहे हैं।

जिले में शहरी क्षेत्र में अनेकों अवैध आर.ओ. प्लांट गली-मोहल्लों में संचालित हो रहे हैं। शहर के विभिन्न वार्डों के कई मोहल्लों के अलावा नगर पालिका सीमा से बाहर अनेकों आरओ प्लांट संचालित हो रहे हैं। कमाल की बात किसी एक आर.ओ. प्लांट के पास भूगर्भ जल विभाग के अलावा अन्य सम्बन्धित विभागों की ओर से न कोई एनओसी है न लाइसेंस। शहरी क्षेत्र के गली-मोहल्लों में आर.ओ.प्लांट लगाकर पानी जांच कराए बिना 20-20 लीटर के कंटेनरों और 200 से 500 लीटर के टैंकों में भरकर सप्लाई की जा रही है। भूजल दोहन पर प्रतिबंध के बावजूद रोजाना लाखों लीटर से अधिक अवैध रूप से भूजल का दोहन किया जा रहा है। रोक के बावजूद जगह-जगह सबमर्सिबल लगे हैं, जिससे दिनों दिन धरती की कोख सूख रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रतिवर्ष भूगर्भ से पानी का स्तर नीचे जा रहे जल स्रोत एक चिंता का विषय है। नीति आयोग की समग्र जल प्रबंधन सूचकांक (सीडब्ल्यूएमआई) रिपोर्ट में जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें 21 प्रमुख शहरों में भूजल स्तर शून्य तक पहुंचने का खतरा है।

मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना से दर्जनों सीसी रोड सह नाली का होगा निर्माण

कीचड़ में आवागमन से लोगों को मिलेगी निजात.....

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल से अब जिले में सड़कों का जाल बिछ रहा है।जिले में सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है।

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर जिले के ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है,लोगों को बरसात में कीचड़ में आवागमन करने की समस्या को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना से गांव मोहल्लों की सड़कों को सी सी रोड सह नाली निर्माण कार्य किया जाएगा।

जिसके निर्माण के लिए कई गांव की सड़कों की स्वीकृति मिली है। जिले के फरसाबहार तहसील क्षेत्र भेलवा ग्राम पंचायत के बढ़दरहा गांव के सीसी रोड सह नाली निर्माण सितंबर घर से बोनी क्रॉस पन्ना घर तक 17 लाख 71 हजार रुपए, ग्राम पंचायत अमडीहा के जुनाडीह में सीसी रोड सह नाली निर्माण अनटोनिश तिर्की घर से जोरम लकड़ा घर तक 20 लाख 99 हजार रुपए, ग्राम पंचायत फरसाबहार के सीसी सड़क सह नाली निर्माण बांगुर सिया से हाउजिंग बोर्ड कॉलोनी तक , मीना बाई घर से मन बहाल घर तक 30 लाख 99 हजार रुपए,ग्राम पंचायत झारमुंडा के सीसी सड़क सह नाली निर्माण रतन चौहान घर से संजो घर तक 20 लाख 99 हजार रुपए,कांसाबेल तहसील के ग्राम पंचायत चोंगरीबाहर में सीसी सड़क सह नाली निर्माण आंतों निस एक्का घर से मरियम पन्ना घर तक 29 लाख 59 हजार रुपए,दुलदुला तहसील के ग्राम पंचायत गट्टीबूढ़ा के रायटोली पहुंच मार्ग से राजेंद्र घर तक सीसी सड़क सह नाली निर्माण 32 लाख 33 हजार रुपए,कुनकुरी तहसील के ग्राम पंचायत सैंड्रीमुंडा के बरदांड सीसी सड़क सह नाली निर्माण सुरेंद्र सिंह घर से राजेंद्र घर तक 14 लाख 12 हजार रुपए,ग्राम पंचायत हेटकपा के नोनपानी से बस्ती पहुंच मार्ग तक 8 लाख 79 हजार रुपए,फरसाबहार तहसील के झरन में सीसी सड़क सह नाली निर्माण मसरी घाट से चंद्रभान घर तक, स्कूल के पास से अजित घर तक 64 लाख 5 हजार रुपए,पत्थलगांव के कछार बहमा चौक लुड़ेग से फैक्ट्री तक 71 लाख 24 हजार रुपए,बगीचा के ग्राम पंचायत जूरूदांड में सीसी रोड सह नाली निर्माण चौक से स्कूल तक 20 लाख 30 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर, कासं.। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में ग्राम चौरा निवासी हिमांचल मंगराज 31 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 17 केएक्स 2459 को अटारी रोड में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

बिलासा महोत्सव संपन्न : लोक संस्कृति कला साहित्य का दिखा उल्लास - मुख्यअतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव

बिलासपुर। बिलासा महोत्सव का 35 वां रंगारंग समापन रविवार को लोक साहित्य, लोकगीत, लोकसंगीत और लोक संस्कृति का अनूठा संगम बिलासा नगरी के हजारों दर्शकों की मौजूदगी में हुआ। ज्ञात हो यह आयोजन बिलासा कला मंच के द्वारा प्रतिवर्ष धूमधाम से बड़े पैमाने पर मनाया जाता है।मंच के संस्थापक डा. सोमनाथ यादव ने मंच के 35 वर्षों के सफर को याद करते हुए कहा कि यह महोत्सव एक छोटे से आयोजन बांस गीत की प्रस्तुति से शुरू हुआ था और अब यह पूरे वर्षभर विविध आयोजनों के माध्यम से जनता से जुड़ा रहता है। हास-परिहास के रूप में मूर्खाधिराज सम्मान, पर्यावरण संरक्षण के लिए अरपा आराधना और अरपा बचाओ अभियान, शरद पूर्णिमा पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन और तीज-त्योहारों पर स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे आयोजन इस मंच की खास पहचान हैं। कार्यक्रम का यह दूसरा और अंतिम दिवस था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस महोत्सव को छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति का अनूठा दर्शन बताया और कहा कि यहां आना उनके लिए तीर्थदर्शन के समान है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने मंच की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं देते हुए इसके संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई दी। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि इस मंच की विशेषता यह है कि यह अनजाने और बड़े कलाकारों को समान रूप से मंच प्रदान करता है, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने भी महोत्सव की सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

साहित्य के लिए सुरेश सिंह बैस का सम्मान

साहित्य साधना और लेखन में अपनी विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले नगर के ही साहित्यकार सुरेश सिंह बैस का मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सम्मान पत्र भेंट करते हुए उनका अभिनंदन किया और कहा कि आप जैसे साहित्यकारों से छत्तीसगढ़ की किर्ति चारों दिशाओं में फैलती है। विधायक सुशांत शुक्ला ने शाल ओढाकर इनका सम्मान किया। महोत्सव के अंतिम दिन देर रात तक विभिन्न सांस्कृतिक व छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं से भरपूर मनोरंजनात्मक नृत्य गीत प्रस्तुत किए गए, जिनका आनंद दर्शकों ने बखूबी उठाया। महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को बिलासा सम्मान से विभूषित किया गया, जिसमें बिलासा कला सम्मान तरुणा साहू (राजनांदगांव) और दीप्ति ओगरे (चकरभाठा) को, बिलासा साहित्य सम्मान सुरेश सिंह बैस (बिलासपुर) को और बिलासा सेवा सम्मान राम रसोई (बिलासपुर) व विनोद पांडे एवं झारखंड से आए (बिलासपुर) को प्रदान किया गया। इस दौरान महेश श्रीवास, डा. सुनीता मिश्रा, महेंद्र ध्रुव समेत अन्य उपस्थित रहे।

गोदना के कलाकारों ने महा दर्शकों का मन

लोककला की शानदार प्रस्तुतियों में गौतम चौबे और उनकी टीम ने देवार नाट्यशैली में गोदना नाटक का मंचन कर सबका मन मोह लिया, जबकि आरपीएफ इंस्पेक्टर व छत्तीसगढ़ी लोककला में निपुण तरुणा साहू ने शानदार पंडवानी प्रस्तुति से दर्शकों को चकित कर दिया।

संक्षिप्त समाचार

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

रायपुर,कासं.। शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय प्रार्थिया ने आजाद चौक थाना में शिकायत किया कि उसका परिचित आरोपी चंद्रकुमार देवांगन से था। आरोपी रायपुर में किराए पर रहता है। इस दौरान वह प्रार्थिया को रायपुर बुलाकर शादी का झांसा देकर अलग-अलग होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर,कासं.। मैत्रीनगर सुंदरनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भीम सेन कलवानी 65 वर्ष मैत्रीनगर सुंदरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर व हाथ घड़ी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

7 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर,कासं.। खमतराई पुलिस ने गंगानगर खमतराई में दबिश देकर जुआ खेलते 7 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2870 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गंगानगर खमतराई में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी घनश्याम साहू 38 वर्ष, अंसु साहू 25 वर्ष सहित अन्य 5 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 2870 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुस्तक विक्रेता अपना दिल बड़ा रखकर आगामी मेले में और अधिक छूट प्रदान करें : संभाग आयुक्त श्री खत्री

दस दिवसीय पुस्तक मेले का हुआ समापन

पुस्तक मेले में लगभग 18 हजार अभिभावकों व बच्चों ने लगभग 2.63 करोड़ की खरीददारी की

कलेक्टर श्रीमती चौहान व जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक कुमार भी समापन दिवस पर मेले पहुँचे

ग्वालियर । पिछले दस दिनों से मेला स्थित शिल्प बाजार परिसर में आयोजित हो रहे पुस्तक मेले का सोमवार की देर शाम समापन हुआ। पुस्तक मेले की आखिरी शाम संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री भी पहुँचे और पुस्तक मेले का जायजा लिया। उन्होंने पुस्तक विक्रेताओं एवं ग्वालियर डिवीजन चिल्ड्रन बुक सेलर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कहा कि वे अपना दिल बड़ा रखें और अगले मेले में अभिभावकों को अधिक से अधिक डिस्काउंट प्रदान करें। संभाग आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप इस साल जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक मेले का जो सिलसिला शुरू किया गया है वह आगे भी जारी रहना चाहिए। श्री खत्री ने पुस्तक मेले में जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिये जिला प्रशासन द्वारा स्थापित किए गए बुक बैंक की भी सराहना की। दस दिवसीय पुस्तक मेला सार्थक सिद्ध हुआ है। मेले में लगभग 18 हजार अभिभावकों व उनके बच्चों ने पुस्तकें, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म की खरीददारी की। पुस्तक मेले में लगभग 2 करोड़ 63 लाख रूपए की पाठ्य सामग्री व स्कूल ड्रेस इत्यादि की बिक्री हुई है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार, पुस्तक मेला आयोजन से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी एवं ग्वालियर डिवीजन चिल्ड्रन एसोसिएशन के पदाधिकारी व पुस्तक विक्रेता मौजूद थे।

मेले के समापन के मौके पर बुक सेलर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संभाग आयुक्त सहित सभी अधिकारियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक मेले में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के लिये आभार जताया। ज्ञात हो कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की पहल पर शिल्प बाजार में गत 22 मार्च को पुस्तक मेला शुरू हुआ था। पहले मेले की अवधि 29 मार्च तक निर्धारित थी। अभिभावकों की मांग पर मेले की अवधि 31 मार्च तक बढ़ा दी गई थी।

विक्रेता बोले पुस्तक मेले की तरह बाजार की दुकानों पर भी छूट देंगे

ग्वालियर डिवीजन चिल्ड्रन बुक सेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री धनराज सेवानी व सचिव श्री अनूप सिंघल सहित बुक सेलर एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने पुस्तक मेला के समापन अवसर पर कहा कि मेले में जिन दुकानदारों ने अपनी दुकानें लगाई हैं वे सभी बाजार में भी अपनी-अपनी दुकानों पर पुस्तक मेले की तरह ही डिस्काउंट उपलब्ध करायेंगे। पुस्तक मेले में छूट संबंधी जो बैनर लगाया है उसे बाजार की दुकानों पर भी लगायेंगे।

आमजन के लिए सिविल हॉस्पीटल हजीरा में सीटी स्कैन की सुविधा राम नवमी के बाद से प्रारम्भ हो जाएगी : ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया सिविल अस्पताल हजीरा का निरीक्षण

ग्वालियर । ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा की व्यवस्थाओं और साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने उपचाररत रोगियों से स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा वृद्ध महिला रोगीयों के पैर दबाकर आशीर्वाद लिया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कैलाशवासी श्री देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में सीटी स्कैन की सुविधाओं की ट्रायल पदस्थ चिकित्सकों के माध्यम से हुई और आज तीन मरीजों ने सीटी स्कैन सुविधाओ का लाभ लिया, जिनमें मस्तीष्क, कंधे और घुटने की समस्याओं के मरीज शामिल थे। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जल्द ही आम जन के लिए सीटी स्कैन की सुविधाओं का लाभ रामनवमी के बाद से आम जन सिविल हॉस्पीटल हजीरा में ले सकेंगे। इसके साथ ही ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने आज सिविल हॉस्पीटल के चिकित्सको के साथ बैठक भी की। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बैठक में कहा कि सिविल अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती मरीजों को सभी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाये और हजीरा सिविल हॉस्पीटल में किचिन व्यवस्था को लेकर जो असुविधा है उसको तत्काल दुरस्त किया जाये

विधानसभा अध्यक्ष और सांसद ने रोटरी कैम्प का अवलोकन किया

मुरैना 31 मार्च, 2025/ स्वर्गीय श्रीमती मोहन प्यारी माहेश्वरी की स्मृति में 2 अप्रैल तक मुरैना मुख्यालय पर रोटरी का वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में हजारों व्यक्ति पंजीयन कराकर स्वास्थ्य लाभ भी ले रहे हैं।

कैंप के छठवें दिन विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, मुरैना श्योपुर के सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने सोमवार को पहुंचकर चल रहे कैंप का अवलोकन किया और चिकित्सकों से चर्चा भी की। जो चिकित्सक बाहर से मुरैना आए हैं, उन्होंने अच्छी सेवाएं दी है, उन्होंने उनको धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर रोटरी के पदाधिकारी, समाजसेवी डॉ. योगेशपाल गुप्ता, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना सहित अन्य अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे।

कृषि मंत्री श्री कंसाना ने 25 गांव के लिए सौर लाइट का शुभारंभ किया

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबादेवपुरी परिसर से हुआ

मुरैना 31 मार्च 2025/ किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंसाना ने कहा कि मध्य प्रदेश की ग्राम पंचायत में सड़कों और महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की प्लानिंग की गयी है , जिसमें प्रथम फैंस में 25 पंचायतों को शामिल किया गया है। जिसका शुभारंभ आज बाबा देवपुरी मंदिर परिसर से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे गाँव की सड़कों और महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त रोशनी की कमी हमारे निवासियों के लिए विभिन्न सुरक्षा चिंताओ का कारण बनी रहती है, खासकर रात के समय अंधेरे के कारण दुर्घटनाएं, चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियां अधिक प्रचलित हो गई हैं। इसके अलावा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की अनुपस्थिति हमारे समुदाय के समग्र विकास और प्रगति में बाधा डालती है।

इस लिए सौलर स्ट्रीट लाइट्स और हाई मास्ट सौलर लाइट्स की स्थापना हमारे प्रकाश व्यवस्था की आवस्यकताओं के लिए एक स्थायी और लागत प्रभावी समाधान प्रदान करेगी। ये लाइट्स न केवल हमारे निवासियों की सुरक्षा बढ़ाएंगी बल्कि हमारे गाँव में जीवन की गुणवत्ता भी सुधारेंगी।हम सौलर लाइट्स की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान करके परियोजना का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने कहा की प्रथम फीस में भानपुर, जतावार, मसूदपुर, रिठौरा, पिपरई, गडोरा, पीपरखेड़ा, पचोखरा, नायकपुरा, हेतमपुर, पीपलखेड़ा, मैथाना, हुसैनपुर, जाखोना, पढावली, तिछोला, विडवा कुंवारी, मृग पुरा, देवरी, हड़वासी, बांध, सिकरौदा, गौसपुर, सांटा, हिंगोना कला, पालपुर और कैथरी में सोलर लाइट लगाई जायेगी । इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बानमौर तालाव की सफाई की

मुरैना 31 मार्च, 2025/जल संसाधन विभाग मुरैना द्वारा सोमवार को बानमौर तालाब पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सफाई का कार्य जन भागीदारी/जन सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम में जल संसाधन संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री पीएस जाटव, पार्षद श्रीमती गीता लक्ष्मण सिंह, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बानमोर श्री भगवान सिंह, गणमान्य नागरिकों तथा विभागीय कर्मचारियों ने उपस्थित होकर श्रमदान किया।कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री जल संसाधन श्री पी.एस. जाटव द्वारा नागरिकों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल की महत्वता एवं जल स्त्रोतों/संसाधनों के रखरखाव तथा इनके संरक्षण पर जोर देते हुये इस धरोहर को बचाने हेतु जागरूक किया गया।

रोटरी कैंप में सोमवार को 10325 लोगों के हुए पंजीयन

मुरैना 31 मार्च2025/ जिला मुख्यालय पर रोटरी कैंप का आयोजन किया जा रहा है, यह कैंप 2 अप्रैल तक संचालित रहेगा। रोटरी के पदाधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई है कि सोमवार 31 मार्च को रोटरी कैंप में 10325 लोगों के पंजीयन किए गए थे, जिनमें 450 की एक्स-रे, 384 के यूएसजी, 1015 के लैब टेस्ट और 6010 लोगों के विभिन्न प्रकार के टेस्ट किए गये।

इसके अलावा 9 लोगों की की सर्जरी , 4 लोगों की गायनिक, 3 लोगों की प्लास्टिक सर्जरी, 4 के ईएनटी, 4 की आर्थो और 3 की आई आपरेशन किए गये।

मेगा हैल्थ कैंप में पहुंचीं

सभी को उपचार एवं भोजन की व्यवस्था कराई

मुरैना 31 मार्च, 2025/मुरैना जिला मुख्यालय पर 2 अप्रैल तक रोटरी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में श्योपुर और शिवपुरी जिले से रोगियों को लेकर बसें पहुंचीं। इस दौरान सभी को उपचार एवं भोजन की व्यवस्था कैंप स्थल पर की गई।

रोटरी कैम्प में स्वच्छता मित्र सफ़ाई व्यवस्था कर रहे संचालित

मुरैना 31 मार्च, 2025/कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशन में नगर निगम के स्वच्छता मित्र मेगा कैंप स्थल पर चाक चौबंद सफ़ाई व्यवस्था संचालित कर रहे हैं।

नेशनल लोक अदालत 10 मई को आयोजित होगी

दतिया 31 मार्च 2025/ सचिव/न्यायाधीश जिला विविध सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025 को आयोजित की जाएगी। जिसमें अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण आपसी समझोते से निराकरण किए जाएंगे।

भोपाल से आए चिकित्सको को किया सम्मानित

मुरैना 31 मार्च, 2025/रोटरी मेगा हेल्थ कैंप में भोपाल से आए डॉ. रोहित कुमार तिवारी, डॉ. अंजलि बसोड़, डॉक्टर आनंद सैनी को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला खनिज अधिकारी श्री एसके निर्मल, रोटरी के पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

श्योपुर और शिवपुरी से रोगियों को लेकर बसें

मेगा हैल्थ कैंप में

विश्व जल दिवस पर जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित हुआ जल संवाद कार्यक्रम

जल संरक्षण के संबंध में ग्रामीणों से किया गया संवाद, नाले में बोरीबंधान कार्य किया गया

रीवा 31 मार्च 2025.विश्व जल दिवस पर जन अभियान परिषद से संबद्ध संस्थाओं द्वारा ज़िलें के विभिन्न ग्रामों में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम छिजवार व दादर में सम्भागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने संवाद कार्यक्रम में जल की महत्ता व जल संरक्षण के विषय में ग्रामीण जनों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हमे आज जल बचाना होगा। हमे पानी बचाने के परंपरागत व आधुनिक दोनों तरीको का उपयोग करते हुए समाज को साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। ऐसे व्यक्ति जो प्रकृति संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे है। उन्हें सम्मानित करना होगा। जल गंगा अभियान के तहत त्योंथर विकासखण्ड के सेंगरवार व सतपुरा में बघेड़ी नाले में तथा मऊगंज जिले के निहाई नदी में भी बोरीबंधान का कार्य किया गया। बोरीबंधान किया गया। कार्यक्रम को विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी व नवांकुर संस्था सर्वोदय विंध्य विकास समिति के सचिव बृजेश सिंह व दीपा शिशु शिक्षा समिति के अध्यक्ष दयानंद तिवारी, जन कल्याण देशभक्ति सेवा मंडल के अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह व सचिव विशाल सिंह, बृजभूषण तिवारी, अरुण पांडे ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण व समाजसेवी उपस्थित रहे।

ईरिक्शा वाहनों पर लगेगी नम्बर प्लेट

विजयपुर । पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जिले भर में विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी में विजयपुर कस्बे में एसडीओपी श्री राघवेंद्र सिंह तोमर के मार्गदर्शन में प्रभारी यातायात अनुभाग विजयपुर भागवत प्रसाद पांडेय द्वारा स्टाफ के साथ बिना नंबर ई-रिक्शा वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की हिदायत दी गई साथ ही जब तक नंबर प्लेट नहीं उपलब्ध होती तब तक अस्थाई नंबर अंकित करवाए जा रहे हैं । जल्द ही सभी ई रिक्शा पर शॉर्ट नंबरिंग भी करवाई जाएगी जिससे इनकी पहचान आसानी से की जा सकेगी ।

खुले गड्ढे में डूबने से बालक की दर्दनाक मौत

सबलगढ़। ढोढर जिला श्योपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमल्दा में रविवार को शाम 5 बजे सबलगढ़ निवासी अमितकुमार गोयल के 6 साल के पुत्र अभि गोयल की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई।फरियादी बल्लू उर्फ संतोष पुत्र मोहनलाल गर्ग उम्र 41 साल ने थाना ढोढर आकर रिपोर्ट की कि उसका भांजा अभि पुत्र अमितकुमार गोयल दिनांक 30 मार्च की शाम घर के बाहर खेल रहा था।जब वह बहुत देर तक वापस नहीं आया तब उसकी तलाश करते हुए पानी से भरे गड्ढे की तरफ गए तो गड्ढे में बालक का हाथ निकलता दिखाई दिया।तुरंत बालक को निकालकर श्योपुर जिलाअस्पताल ले जाया गया।वहाँ डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया।पोस्टमार्टम के बाद बालक का शव सबलगढ़ लाया गया यहाँ उसका अंतिम संस्कार किया गया।

वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेषनल लोक अदालत का कलेण्डर जारी

दतिया 31 मार्च 2025/ सचिव/न्यायाधीश जिला विविध सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में वर्ष 2025 के कलेण्डर वर्ष में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का कलेण्डर जारी किया गया है।

नगरा पुलिस ने 48 घंटे में किया चोरी का खुलासा

चोर को गिरफ्तार कर 88000 का माल बरामद

मुरैना पुलिस अधीक्षक मुरैना, श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में घटित चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल-मशरूका की बरामदगी हेतु सम्पूर्ण जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी अंबाह श्री रवि सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना नगरा पुलिस व्दारा चोरी के प्रकरण में फरार चल रहे अज्ञात आरोपी को घटना के 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की गई।

दिनांक 30.03.25 को उनि. रामकुमार गौतम थाना प्रभारी नगरा द्वारा मय हमराह फोर्स के मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना हाजा के अपराध क्रमांक 21/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस में फरार चल रहे अज्ञात आरोपी को घटना के 48 घण्टे के भीतर भिण्ड रोड़ पोरसा से गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया

माल-मशरूका 03 सोने की अंगूठी, 01 बृजवाला, 01 सोने की चैन मय पेंडेंट, 01 मंगलसूत्र एवं 02 मोबाईल फोन कुल मशरूका कीमत करीबन 88,000/- रूपये का बरामद किया गया एवं गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष में पेश किया गया।

युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दी

मुरैना 31 मार्च। अम्बाह थाना क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणो के चलते अपने घर पर फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पूठा बडफरा में निवास करने वाले परिमाल पुत्र शिवचरन माहौर ने गत दिवस अपने घर के कमरे में अज्ञात कारणो के चलते फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही शव का मौका पंचनामा बनाकर शव का पोस्ट मार्डम कराकर उसे उसके परिजनो को सौपकर फरियादी वृजकिशोर माहौर की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

महिला की मौत पर मर्ग कायम

मुरैना 31 मार्च। अम्बाह थाना क्षेत्र के ग्राम गुर्जा मौजा रूअर में निवास करने वाली महिला भूरी पत्नी मुकेश सखवार उम्र 22 साल ने कुछ समय पहले तेजाब का सेवन कर लिया था जिससे उसकी हालत खराब होने पर उसे उपचार के लिए जयारोग्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहॉ से उसकी छुट्टी के बाद घर आकर उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी विजय सिंह पुत्र खुशीराम सखवार की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

मारपीट कर जातिय अपमान किया

मुरैना 31 मार्च। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में एक दलित परिवार की मारपीट कर जातिय अपमान करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भेरा खेडा में निवास करने वाले नेकराम जाटव पुत्र शिब्बूराम अपने धर के बाहर बैठा था कि उसी समय पुरानी रंजिश के चलते गॉव के गोटे, रामकेश, रामदीन समस्त जाति रावत ने फरियादी व उसके भाई भतीजो केा जाति सूचक गालिया देने की मना करने आरोपियो ने एक राय होकर लाठी,डण्डो से फरियादी नेकराम, उसके भाई व भतीजो को घायल कर दिया।

अकीदत के साथ अदा की नमाज, मांगी अमन चैन की दुआ

मुरैना। सोमवार को ईद की नमाज ईदगाह सहित शहर की मस्जिदों में अदा की गई। इस मौके पर काफी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के समय मस्जिदों में अल्लाह की बारगाह में सैकड़ों सिर सजदे में झुके। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे ।

मुकद्दस रमजान का महीना समाप्त होने के बाद विगत शाम को ईद के चांद का दीदार कर मुस्लिमों के चेहरे खिल उठे और बाजारों की तरफ रूखकर खरीददारी में जुट गये। वहीं सोमवार सुबह 09 बजे ईदगाह में मुफ्ती साहब कयादत में प्रातः 09 बजे ईद की नमाज अदा की गयी। नमाज के बाद देश में खुशहाली व अमनो-अमान की दुआ के लिए अल्लाह की बारगाह में हजारों मुस्लिमों के हांथ उठे। ईद की नमाज के दौरान ईदगाह के बाहर पुलिस के आला अधिकारियों ने ईद की शुभकामनाएं पेश करते हुए कहा कि आपसी भाई-चारे के साथ सौहार्द-पूर्वक सभी लोग पर्व को मनाएं। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के इंतजाम कर जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था।

लोकमाता अहिल्या बाई के जनकल्याण और सुशासन के कार्य प्रेरणादायक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्या की पुण्य गाथा' नाटक का मंचन

भोपाल,ब्यूरो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई ने 300 वर्ष पहले जनकल्याण के जो काम किये और सभी संकटों को पार कर सुशासन के प्रतिमान स्थापित किए हैं, वे आज हम सब के लिए प्रेरणादायक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को लोकमाता देवी अहिल्या की नगरी खरगोन जिले के महेश्वर में विश्व मांगल्य सभा द्वारा 'राष्ट्रसमर्था देवी अहिल्याबाई की पुण्य गाथा' नाटक के मंचन अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयुषी जैन द्वारा देवी अहिल्या बाई की जीवनगाथा पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने होल्कर साम्राज्य के साथ ही सम्पूर्ण देश में जन-कल्याण के कार्य किए हैं।

मुगल काल में सनातन संस्कृति को नष्ट करने का काम किया गया, लेकिन नर्मदा पुत्री देवी अहिल्याबाई ने सनातन संस्कृति की रक्षा का काम किया। उन्होंने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिरों की पुनर्स्थापना को बनाने का कार्य किया है। देवी अहिल्या ने देश भर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, रोजगार के लिए महेश्वरी साड़ियों का निर्माण कराया, व्यापार को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इतिहास माता अहिल्या के विविध प्रसंगों से भरा हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता अहिल्या बाई के कार्यों से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार ने पहला दशहरा महेश्वर में मनाया और केबिनेट की बैठक भी महेश्वर में आयोजित की है। प्रदेश की सशस्त्र वाहिनी क्रमांक 01 को अहिल्या माता का नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर में देवी अहिल्या की जीवनगाथा पर नाटक मंचन के लिए विश्व मांगल्य सभा की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अतिथियों के साथ सम्पूर्ण नाटक का मंचन देखा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 जन्म जयंती के अवसर पर महेश्वर में नाटक का मंचन किया जा रहा है। यह नाटक अहिल्याबाई के कार्यों से आमजन को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देगा। देवी अहिल्या ने मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया है। हमारे देश में देवी अहिल्या, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, रानी चैनम्मा जैसी नारी शक्ति ने शासक के रूप में इस धरती का संचालन किया है। यह हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का आदर्श है।

इस अवसर पर केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, मध्यप्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, होल्कर स्टेट के युवराज श्री यशवंत राव होल्कर, विश्व मांगल्य सभा की अध्यक्ष श्रीमती रेखा खंडेलवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. वृषाली जोशी, विश्व मांगल्य सभा मध्यप्रदेश की अध्यक्ष श्रीमती सूरज डामोर, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, विधायक श्री राजकुमार मेव, श्री बालकृष्ण पाटीदार, श्री सचिन बिरला सहित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

बाबा देवपुरी का मंदिर आस्था व श्रद्धा का केन्द : मंत्री कंषाना

-कृषि मंत्री ने मंदिर पर सोलर लाइट संयत्र का किया उद्घाटन

मुरैना,कासं.। चंबल के बीहड़ों में स्थित प्राचीन बाबा देवपुरी का मंदिर आस्था एवं श्रद्धा का केन्द्र है। आस्था के इस केन्द्र से अंचल सहित पड़ौसी प्रांत के लोगों की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई है। दुर्गम बीहड़ों में बने प्राचीन मंदिर तक श्रद्धालुओं के आवागमन को सुलभ और सुगम बनाने के लिए विकास कार्य जारी है। यह बातें मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना ने कहीं। श्री कंषाना, सोमवार को बाबा देवपुरी मंदिर पर कोटिवा एग्री साइंस पॉयनियर सीड्स प्रालि द्वारा स्थापित किए जा रहे सोलर लाईट प्लांट के उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सोलर लाईट संयत्र का उद्घाटन करने से पहले श्री कंषाना ने बाबा देवपुरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद ग्रहण किया। इससे पहले मंत्री श्री कंषाना ने मुरैना शहर में महाराजपुरा रोड पर स्थित अशासकीय द् फ्यूचर बेव स्कूल का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उनके साथ बालकृष्ण सांटा, बृजकिशोर डंडौतिया, कप्तान सिंह कंषाना बंकू, जौरा जपं अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सिकरवार, किशोर शर्मा, वृंदावन पाराशर, दिलीप डण्डौतिया, हुब्बलाल सरपंच, रामनरेश सरपंच, हरेन्द्र सरपंच, मनोज सरपंच, दिलीप सरपंच नायकपुरा, द्वारिका कंषाना, बाबा देवपुरी जनसेवा संस्थान के सचिव राजवीर सिंह, देवेन्द्र सिंह गड़ौरा, दाताराम सिंह, गब्बर सिंह, जबर सिंह, सुरेन्द्र, निरंजन सिंह, राजवीर, त्रिलोकी, राज कंषाना, महेश पहलवान, जीतू तोरखेड़ा, हरीराम, लोकेन्द्र पाराशर, अनूप अग्रवाल, रजत मोदी, जीतेन्द्र मैथाना, राजू भानपुर, आकाश रजक, रामलखन जींगनी, वासुदेव मसूदपुर आदि उपस्थित थे।

गुर्जर समाज द्वारा सर्व समाज का होली मिलन समारोह हुआ संपन्न

मुरैना,कासं.। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री ऐदल सिंह कंसाना व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्री रघुराज सिंह कंसाना, पूर्व विधायक श्री राकेश मावई, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हमीर सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता हरसाना , प्रदेश अध्यक्ष गुर्जर विकास संगठन श्री वीरेंद्र हरसाना, इन सभी के द्वारा देवनारायण भगवान की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की उसके तत्पश्चात स्वागत भाषण श्री तहसीलदार सिंह बैसला एवं कार्यक्रम की रूपरेखा श्री देवेंद्र सिंह गुर्जर के द्वारा रखी गई व संचालन श्री गजेंद्र सिंह मावई ने किया व कार्यक्रम का आभार व्यक्त श्री जितेंद्र घुरैया ने किया होली मिलन समारोह कार्यक्रम में सर्व समाज के लोगों ने इस कार्यक्रम की सराहना और कहां के ऐसा कार्यक्रम प्रतिवर्ष होना चाहिए यह कार्यक्रम आगामी पीढ़ी के लिए एक अच्छा संदेश होगा इस होली मिलन समारोह कार्यक्रम में श्री हरि सिंह सिकरवार पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन के द्वारा कार्यक्रम को बहुत सुंदर व्याख्या देते हुए आयोजन समिति को 11000 रुपए से सम्मानित किया कार्यक्रम में उपस्थित रहे श्री रक्षपाल सिंह तोमर, श्री नवल सिंह शिवहरे, श्री अशोक यादव , श्री नरेंद्र सिंह सिकरवार ,श्री बल्लो दंडोतिया श्री बालकृष्ण शर्मा, श्री भूप सिंह रजक, श्री अमृतलाल यादव, सहित गुर्जर समाज एवं सर्व समाज के सैकड़ो लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने आचार्य बालकृष्ण से सिकल सेल के संबंध में की चर्चा

भोपाल,ब्यूरो। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने आयुर्वेद में सिकल सेल उपचार अनुसंधान प्रयासों में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से सहयोग की अपेक्षा की है। राज्यपाल श्री पटेल द्वारा पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के दीक्षांत समारोह में चर्चा के दौरान इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के तहत किए जा रहे उपचार और पुनर्वास प्रयासों के बारे में भी बताया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।